हरिभूमि
# रायपुर भूमि




## टाटीबंध में ऐसा जाम, लगी रही दो किमी लंबी कतार

*रायपुर। टाटीबंध में नए बने इस्कान मंदिर की एक सप्ताह पूर्व प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। इसके चलते जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। ऐसे में टाटीबंध मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए ट्रकों को पहिए थम गए। रायपुर से दुर्ग जाने वालों के लिए अम्लेश्वर, मोतीपुर मार्ग पर रूट डायवर्ट करना पड़ा। टाटीबंध में शाम 6 बजे के बाद से ट्रैफिक जाम होने लगा था, यह क्रम आधी रात तक जारी रहा।*

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** माना पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ठगी के आरोप



में दुर्ग निवासी डोमेंद्र कुमार महिपाल तथा रायपुर निवासी रोहित कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया है। इन दोनों ने तीन वर्ष पूर्व ईश्वर प्रसाद साहू को मंत्रालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लाख रुपए की ठगी की थी।

### शराब की बिक्री करते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** कोतवाली पुलिस ने एक कोचिए को शराब बेचते गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के कब्जे से पुलिस ने शराब बिक्री की रकम



साढ़े 16 हजार रुपए तथा 130 पौवा देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की है। नेहरू नगर सुलभ के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची। मौके पर पुलिस ने करन बघेल को शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

### घरेलू विवाद में पत्नी पर हमला, गिरफ्तार

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद के चलते पत्नी पर ब्लेड से जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कौशल्या सोनी की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति को आर्यन सोनी को गिरफ्तार किया है। आर्यन ने अपनी पत्नी के मायके जाकर उस पर ब्लेड से जानलेवा हमला किया था।

### कैफे संचालक के साथ मारपीट

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक कैफे संचालक ने चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टिनटिन कैफे के संचालक नितिन साहू ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नितिन ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह बाइक सवार दो युवक उसके कैफे में आए और उसे बाहर बुलाया। इसके बाद बाइक सवार दो अन्य युवक उसके पास पहुंचे। कैफे से बाहर निकलने के बाद बदमाशों ने नितिन के साथ मारपीट की तथा मौके से फरार हो गए। बदमाशों ने कैफे संचालक के दोस्त के साथ भी मारपीट की।

### सूने मकान में धावा जेवर-वाहन किए पार

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपने सूने मकान से दो लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने के जेवर तथा दोपहिया चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टेकारी निवासी उमेशचंद्र ठाकुर ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उमेश ने पुलिस को बताया कि वह पिछले सप्ताह अपनी पत्नी को लेने उत्तरप्रदेश गया था, इस दौरान अज्ञात चोर उसके मकान में धावा बोलकर आलमारी में रखे सोने के जेवर तथा घर के आंगन में खड़ी दोपहिया चोरी कर ले गए।

---

हावड़ा से छूटकर मुंबई, पुणे, गुजरात जाने वाली ट्रेनें 6 से 12 घंटे देर से चल रही, परेशान हो रहे यात्री

# ये सफर नहीं आसां... पहले ट्रेन रद्द फिर मार्ग बदला, अब 12 घंटे तक लेट

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे में जब से पटरियों के काम ने रफ्तार पकड़ी है, यात्रियों का ट्रेन में सफर करना कठिन हो गया है। लगातार ट्रेन रद्द के बीच एक दर्जन से अधिक लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग रेलवे ने बदल दिया है। नागपुर से गुजरने वाली ट्रेन कटनी होकर चल रही है। कन्फर्म सीट के लिए यात्री टिकट रद्द करने के बजाय डायवर्ट ट्रेन में सफर करने को तैयार हैं, लेकिन डायवर्ट ट्रेन तक पहुंचने के लिए अन्य एक्सप्रेस इतनी विलंब से चल रही हैं कि ज्यादातर यात्रियों की ट्रेन छूट रही है। अंत में टिकट रद्द करना ही पड़ रहा है। बता दें कि पश्चिम मध्य रेलवे में जबलपुर रेल मंडल के कटनी मुरवाड़ा-बीना रेलवे स्टेशनों के बीच दमोह रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन को जोड़ने का काम 26 अगस्त से नौ सितंबर तक अलग-अलग तारीखों में किया जा रहा है। इसी बीच उमरिया रेलवे स्टेशन को तीसरी रेललाइन से जोड़ने का काम 24 अगस्त से ▶▶शेष पेज 13 पर



### ये ट्रेनें रहीं लेट

- 18030 शालीमार-एलटीटी 12 घंटे
- 12810 हावड़ा-मुंबई मेल 8:30 घंटे
- 12130 हावड़ा- पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस 6:30 घंटे
- 22830 शालीमार-भुज एक्सप्रेस 7:30 घंटे
- 12152 हावड़ा-मुंबई समरसता एक्सप्रेस 6 घंटे
- 07051 हैदराबाद- रक्सौल एक्सप्रेस 2 घंटे
- 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 1 घंटा

### समय पर नहीं मिली हावड़ा और मुंबई की ट्रेन

जोन से गुजरने वाली ट्रेनों ने सोमवार को यात्रियों को खूब इंतजार कराया। हावड़ा से छूटकर मुंबई, पुणे, गुजरात जाने वाली ट्रेनें 6 से 12 घंटे विलंब से चलीं। ऐसे में यात्री बार-बार पूछताछ केंद्र में जाकर ट्रेन के आगमन की जानकारी लेते रहे। इन सबके बीच काउंटर पर बैठा ▶▶शेष पेज 13 पर

### प्रतीक्षालय और प्लेटफार्म पर जगह नहीं

स्टेशन में एसी यात्री प्रतीक्षालय, द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय और प्लेटफार्म ऐसी कोई जगह नहीं थी, जहां यात्री न बैठे हों। उनके चेहरे पर साफ परेशानी नजर आ रही थी। कुछ यात्री तो पूछताछ केंद्र में जाकर वजह जानने का प्रयास भी करते रहे। उन्हें यह कह दिया गया कि प्रारंभिक स्टेशन से ही ट्रेन विलंब से छूटी है। इस लेटलतीफी का ▶▶शेष पेज 13 पर

## मालगाड़ी अलग होने के वायरल वीडियो से मचा हड़कंप, रेलवे ने कहा- नहीं हुई कोई घटना



- सीनियर डीसीएस ने कहा- सोमवार को मंडल में नहीं हुई ऐसी कोई घटना, छवि खराब करने का प्रयास

सोमवार को दोपहर 2 बजे से सोशल मीडिया पर मोहबा बाजार के पास मालगाड़ी की बोगी अलग होने को लेकर वीडियो और खबर तेजी से वायरल होने लगी। वायरल वीडिया में दावा किया गया कि चलती मालगाड़ी की एक बोगी अचानक अलग हो गई, जिससे ▶▶शेष पेज 13 पर

### वायरल वीडियो में बोगी दिख रही अलग

सोशल मीडिया में जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें देखा जा सकता है कि मालगाड़ी आउटर में खड़ी है, जिसकी बोगी अलग-अलग हो चुकी हैं। इस दौरान कोई अन्य ट्रेन उस ट्रैक पर नहीं थी। चार ▶▶शेष पेज 13 पर

## प्रोफेशनल कम्यूनिकेशन स्किल में सर्टिफिकेट बांटेगा रविवि, शुरू होगी खेल कौशल विकास अकादमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि अब प्रोफेशनल कम्यूनिकेशल स्किल में सर्टिफिकेट बांटेगा। रविवि के प्लेसमेंट सेल द्वारा इस सर्टिफिकेट कोर्स का संचालन किया जाएगा। सर्टिफिकेट कोर्स की अवधि, फीस, प्रवेश के लिए निर्धारित योग्यता संबंधित निर्णय भी प्लेसमेंट सेल द्वारा लिए जाएंगे। गत दिनों हुई विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में इस संदर्भ में अंतिम सहमति बनी। विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड बहुत बेहतर नहीं रहा है।

- रविवि की कार्यपरिषद बैठक में दी गई मंजूरी, खराब है विवि का प्लेसमेंट रिकॉर्ड
- खेल संबंधित 'अर्न एंड लर्न' पाठ्यक्रम संचालित करेगा शारीरिक शिक्षा विभाग

निरीक्षण के लिए आने वाली नैक टीम ने भी इसे लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। छात्रों का संवाद कौशल बेहतर हो सके और उन्हें प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त हो, इसलिए यह सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया जा रहा है। इस सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत छात्रों को यह बताया जाएगा कि उन्हें किस तरह से संवाद विभिन्न मौकों पर करना चाहिए। इसमें ▶▶शेष पेज 13 पर

### स्व-रोजगार पर फोकस

रविवि कार्यपरिषद की बैठक में खेल कौशल विकास अकादमी शुरू करने का भी निर्णय लिया गया है। शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला के एक घटक के अंतर्गत सेंटर फॉर स्पोर्ट्स स्किल डेव्लपमेंट अर्थात खेल कौशल विकास अकादमी शुरू की जाएगी। इसमें अर्न एंड लर्न के कॉन्सेप्ट पर कार्य किया जाएगा। अर्थात खेल कौशल विकास अकादमी के अंतर्गत ऐसे पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाएगा, जिसके पश्चात विद्यार्थियों को नौकरी मिलने में सहायता हो। ये सभी कोर्स खेल संबंधित ही होंगे। इसके लिए भी रूपरेखा विवि द्वारा बनाई जा रही है।

### 31 कॉलेजों को 14.5 लाख रुपए

कार्यपरिषद की बैठक में नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाने संबंधित निर्णयों के साथ ही वित्त विभाग और प्रशासनिक विभाग संबंधित कई अन्य निर्णय भी लिए गए। इसके अंतर्गत 31 महाविद्यालयों को 14 लाख 50 हजार रुपए आबंटित करने की अनुमति दी गई। ये राशि पूरक परीक्षाओं के संचालन के लिए दी गई। कार्योत्तर यह राशि स्वीकृत की गई है।

---

विधानसभा मार्शल के लिए लिखित परीक्षा लेगा व्यापम

## 230 पदों पर नियुक्ति आबकारी और ट्रांसपोर्ट इंस्पेक्टर के 150 पद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रवेश परीक्षाएं समाप्त होने के बाद व्यापम ने भर्ती परीक्षाओं संबंधित प्रक्रिया तेज कर दी है। व्यापम द्वारा विधानसभा मार्शल के 230 पदों पर भर्ती लिए जाने की तैयारी है। शारीरिक मापदंड संबंधित प्रक्रिया इसके लिए पूर्व में ही पूर्ण हो चुकी है। अब इसके लिए लिखित परीक्षा व्यापम द्वारा आयोजित की जाएगी। शारीरिक मापदंड में उत्तीर्ण होने वाले कैंडिडेट्स के लिए लिखित परीक्षा में भी उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। इसके बाद ही वे संबंधित पदों के लिए योग्य माने जाएंगे। ▶▶शेष पेज 13 पर

- प्रवेश परीक्षाएं समाप्त होने के बाद व्यापम ने तेज की भर्ती परीक्षाएं

### पूर्ण हो चुकी है आवेदन प्रक्रिया

सितंबर-अक्टूबर में होने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए व्यापम की आवेदन प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। अन्य प्रस्तावित परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया सितंबर-अक्टूबर में प्रारंभ होने की संभावना है, लेकिन परीक्षाएं अक्टूबर अंत अथवा उसके बाद ही शुरू हो सकेंगी। व्यापम द्वारा मई-जून में प्रवेश परीक्षाएं आयोजित किए जाने के कारण भर्ती परीक्षाओं पर विराम लग गया था, लेकिन प्रवेश परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए जाने के साथ ही विभिन्न विभागों में रिक्त पदों के लिए परीक्षाओं का सिलसिला फिर से शुरू हो गया है।

### अक्टूबर माह तक कैलेंडर पैक्ड

व्यापम द्वारा बीते दिनों आगामी परीक्षाओं के लिए कैलेंडर जारी किया गया था। इसमें सितंबर और अक्टूबर महीने में होने वाली परीक्षाओं का जिक्र था। शेड्यूल के मुताबिक अक्टूबर तक व्यापम का कैलेंडर पैक्ड है। ऐसे में अन्य भर्ती परीक्षाएं नवंबर माह से ही शुरु होने की संभावना है। सितंबर माह में व्यापम आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अंतर्गत छात्रावास अधीक्षक, उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत प्रयोगशाला तकनीशियन के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा आयोजित करेगा। अक्टूबर माह में संचालनालय मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत मत्स्य निरीक्षक तथा संचालनालय कृषि विभाग के अंतर्गत सहायक सांख्यिकी अधिकारी और प्रयोगशाला सहायक के लिए भर्ती परीक्षा लेगा।

## बलौदाबाजार हिंसा पर निलंबित आईपीएस सदानंद को आरोप पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में छत्तीसगढ़ गृह विभाग ने तत्कालीन एसपी के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया है। जारी आरोप पत्र में उन्हें अमरपुरी के प्रकरण में गंभीरता से कार्रवाई न करने का दोषी बताया गया है। मामले की विवेचना किए बिना ही कोर्ट में अभियोग पत्र पेश करने का आरोप लगाया गया है।



- अमरपुरी के मामले की विवेचना किए बिना अभियोग पत्र पेश करने का आरोप

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जिले के निलंबित आईपीएस सदानंद कुमार के खिलाफ राज्य सरकार ने आरोप पत्र जारी किया है। जारी आरोप पत्र में कहा गया है कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के पुलिस अधीक्षक पद पर 8 फरवरी से 12 जून तक पदस्थ रहे। इस अवधि के दौरान 15-16 मई की दरमियानी रात गिरौदपुरी धाम की अमरगुफा में सतनामी समाज की आस्था के प्रतीक 3 जैतखाम को काटकर फेंक दिए जाने तथा मंदिर के गेट को तोड़कर क्षतिग्रस्त किए जाने पर गिरौधपुरी चौकी में दर्ज अपराध का उचित पर्यवेक्षण किए बिना एवं प्रकरण की गंभीरता को ध्यान न रखकर सभी बिंदुओं पर गहन विवेचना के बिना न्यायालय में 5 जून को अभियोग पत्र पेश किया जाना पाया गया। आपका उक्त कृत्य अखिल ▶▶शेष पेज 13 पर

## ज्यादातर मानसूनी सिस्टम बिहार से गुजरा, 13 साल में पहली बार अगस्त में बलरामपुर में सीजन का कोटा फुल

- इस बार बस्तर से थोड़ी बेरुखी, बीजापुर और सुकमा जिले हो पाए लबालब
- अब तक नहीं हुआ मानसून ब्रेक, ज्यादातर जिले संतोषजनक स्थिति में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

समय से पहले आकर बीजापुर में ठहरे मानसून की सक्रियता में इस बार उलटफेर हुआ है। हर साल अपनी औसत से पिछड़ने वाला बलरामपुर इस बार अगस्त में सीजन की बारिश का कोटा पूरा कर चुका है। इस बार मानसून की थोड़ी बेरुखी बस्तर से रही। वहां केवल बीजापुर और सुकमा जिले में कोटा पूरा हो पाया है, शेष जिले सामान्य स्थिति में रह गए हैं।

इस बार लंबे समय तक मानसून ब्रेक की स्थिति नहीं बनी। जुलाई में इस बार अच्छी बारिश होने से सभी जिले सामान्य स्थिति में आ गए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अक्सर सीजन के अंतिम दिनों में ही उत्तरी हिस्से में होने वाली बारिश वहां की औसत वर्षा की भरपाई करती है। इस बार जुलाई और अगस्त में बारिश की ज्यादा गतिविधि उत्तरी हिस्से में नजर आई। अंबिकापुर जिले को छोड़कर सरगुजा संभाग ▶▶शेष पेज 13 पर



**अब तक बारिश**

- छत्तीसगढ़ में कुल 931.5 वर्षा हो चुकी जो सामान्य से छह प्रतिशत ज्यादा है
- बीजापुर, बलरामपुर, सुकमा, मुंगेली, मोहला-मानपुर, कोरबा, बलौदाबाजार जिले में ज्यादा वर्षा
- सरगुजा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, जशपुर, दुर्ग, बेमेतरा में कम वर्षा
- रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव सहित 21 जिले सामान्य स्थिति

### पिछड़ रहा बेमेतरा

पिछले तीन साल से बेमेतरा जिला बारिश के मामले में अन्य जिलों से पिछड़ता जा रहा है। पड़ोस के अन्य जिलों में अच्छी हर साल अच्छी वर्षा होती है मगर बेमेतरा में बरसात नहीं होती। इस बार भी वहां सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। इस बार भी वहां 484 मिमी. बारिश हुई है जो सामान्य 39 प्रतिशत कम है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि वहां बारिश कम क्यों होती है इस बार में अब तक कोई स्पष्ट अभिमत सामने नहीं आ पाया है।

### रायपुर 295 मिमी. कम

मौसम विभाग के आंकड़ों की माने तो रायपुर जिले में सीजन में 1051 मिमी. बारिश दर्ज की जाती है। अगस्त के तीसरे सप्ताह तक यहां 756 मिमी. वर्षा हुई है जो अब तक सामान्य है। कोटा पूरा करने के लिए सितंबर माह में यहां बादलों के 295 मिमी. बरसने की आवश्यकता है। जिले में पिछले साल 1296 मिमी. यानी 23 फीसदी ज्यादा वर्षा हुई थी और इस बार भी कोटा पूरा होने की संभावना मौसम विशेषज्ञ जता रहे हैं।

*हरिभूमि ने स्टेशन में सामान खरीदने के बाद वेंडर्स द्वारा बिल नहीं देने का उठाया था मुद्दा*

## स्टेशन में वेंडर्स के बिल की जांच करने रेलवे ने दिए निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**रायपुर।** स्टेशन में वेंडर्स नहीं दे रहे बिल, कहीं मशीन खराब, कहीं स्टॉफ गायब, जीएसटी का झोल शीर्षक से हरिभूमि ने 26 अगस्त के अंक में खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद सोमवार को सीनियर डीसीएस अवधेश कुमार त्रिवेदी ने अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं। यात्रियों को बिल नहीं देने के मामले को रेलवे प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। निर्देश के अनुसार स्टेशन में अधिकारी औचक जांच भी करेंगे कि सामग्री खरीदी के बाद वेंडर यात्रियों को बिल की पर्ची दे रहे हैं कि नहीं। हरिभूमि की पड़ताल में स्टेशन ▶▶शेष पेज 13 पर

### व्यवस्था में किया जाएगा सुधार

मंडल के अधिकारियों ने कहा कि वेंडर्स की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जांच में मशीन खराब होना पाया गया, तो व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। इसके अलावा अगर कोई बिल नहीं दे रहा होगा, तो सीधे कार्रवाई होगी। नियमानुसार यात्री खाने-पीने की वस्तुएं लेने के बाद बिल मांगें, तो वेंडर को बिल देना है। ऐसा न करने पर वेंडर को पैसे का भुगतान न किया जाए। आईआरसीटीसी की ओर से नई पॉलिसी लागू कर दी गई है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत शासकीय सेवक, अब यूपीएस का क्या होगा तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार द्वारा शासकीय सेवकों के लिए एक नई पेंशन योजना यूपीएस यानी यूनाइडेट पेंशन योजना लागू कर दी गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ के लिहाज से यह सवाल अहम है कि राज्य में यह योजना लागू होगी या नहीं। इस संबंध में खास बात ये है कि राज्य के 97 प्रतिशत शासकीय सेवक अपने लिए पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुन लिए हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से संकेत मिल रहे हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि इस पर अभी विचार नहीं किया गया है। यानी यूपीएस योजना फिलहाल राज्य में लागू होगी या नहीं। सवाल बना हुआ है कि यूपीएस योजना का राज्य में क्या होगा?

### छत्तीसगढ़ में ओपीएस का बोलबाला

इधर छत्तीसगढ़ की बात की जाए तो पिछली कांग्रेस सरकार ने यहां ओपीएस लागू करने का प्रावधान किया था। बाद में सरकार ने अधिकारियों कर्मचारियों से पेंशन योजना चुनने का विकल्प मांगा था। राज्य के 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था। इसके बाद प्रदेश में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद पेंशन योजना के सवाल पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसी आधार पर माना जा रहा है कि यहां ओपीएस लागू है। इसमें फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। जानकारों की मानें तो केंद्र सरकार ने यूपीएस के लिए राज्यों के समक्ष कोई बाध्यता नहीं रखी है। यह राज्यों के उपर छोड़ा है कि वे इसे अपने यहां लागू करें या नहीं। अभी केवल महाराष्ट्र सरकार ने कैबिनेट की बैठक कर यूपीएस लागू करने का फैसला किया है।

### यूपीएस के हैं ये फायदे

**सुनिश्चित पेंशन :** 25 वर्ष की न्यूनतम अर्हक सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत। यह वेतन न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि तक कम सेवा अवधि के लिए आनुपातिक होगा।

**सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन :** कर्मचारी की मृत्यु से ठीक पहले उसकी पेंशन का 60 प्रतिशत।

**सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन :** न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10,000 रुपये प्रति माह।

### महंगाई सूचकांक

**सुनिश्चित पेंशन पर, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन पर और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन पर**
औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीई-आईडब्ल्यू) के आधार पर महंगाई राहत, सेवा कर्मचारियों के मामले में सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त भुगतान, ग्रेच्युटी के अतिरिक्त, सेवानिवृत्ति की तिथि पर मासिक परिलब्धियों (वेतन + डीए) का 1/10वां हिस्सा, सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह महीने के लिए, इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा कम नहीं होगी।

### लंबी खींचतान के बाद बनी है नई योजना

देश में पिछले कुछ साल से नई पेंशन योजना(एनपीएस) और पुरानी पेंशन योजना(ओपीएस) को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। यह विवाद उस समय गहराया था, जब राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार ने राज्य में ओपीएस योजना लागू करने की बात शुरु की थी, और इसे लागू भी किया था। इसी क्रम में कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार ने ओपीएस लागू करने की पहल शुरु कर दी थी। इसके बाद कुछ और राज्यों ने ओपीएस पर जोर देना शुरु किया। इसके बाद केंद्र सरकार यूपीएस योजना लेकर आई है।

## खबर संक्षेप

### प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस उबोवेजा आज लेंगे शपथ

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस इंदर सिंह उबोवेजा को राज्यपाल रमेन डेका आज पद और गोपनियता की शपथ दिलाएंगे। राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और अन्य मंत्रियों सहित राज्य शासन के अधिकारी मौजूद रहेंगे।



छत्तीसगढ़ शासन ने जस्टिस इंदर सिंह उबोवेजा को प्रमुख लोकायुक्त नियुक्त किया है। श्री उबोवेजा पूर्व में बिलासपुर उच्च न्यायालय के न्यायाधिपति रह चुके हैं। राज्य में प्रमुख लोकायुक्त का पद लंबे समय से खाली पड़ा था। इस पद पर पहले जस्टिस टीपी शर्मा नियुक्त थे, जिनका कार्यकाल सितंबर 2023 में समाप्त हो गया, जिसके बाद अब बिलासपुर हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज इंदर सिंह उबोवेजा को इस पद पर नियुक्त किया गया है।

### सिंधी समाज ने तेलीबांधा में मनाया थदड़ी पर्व



**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला विंग द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन पूज्य सिंधी पंचायत भवन तेलीबांधा में किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें विश्व की सबसे छोटी महिला ज्योति आमगे, जिन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है, को आमंत्रित किया गया। ज्योति की लंबाई मात्र दो फीट है। उनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी आनंद कुकरेजा ने अपने उद्बोधन में थदड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पार्षद अजीत कुकरेजा, पूज्य सिंधी पंचायत रविग्राम के अध्यक्ष बसंत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के संरक्षक अशोक नैनवानी आदि ने समाज के लोगों को इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा ने की और अपने भाषण में संस्था के उद्देश्य को स्पष्ट किया। इस आयोजन में चार प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें डांस, जोड़ी नंबर वन, रैंपवॉक और ब्राइडल मेकअप शामिल रहे।

### नाले में गिरा सांड, निगम अमले ने सुरक्षित निकाला



**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 1 सड्डू की कालोनी में सोमवार को नाले में 1 सांड गिर गया। आसपास के इलाके के रहवासियों ने सांड को बाहर निकालने निगम अमले की मदद मांगी। जानकारी मिलते ही जोन 9 की टीम जेसीबी मशीन और काउकेचर लेकर स्पॉट पर पहुंची। श्रमवीरों की मदद से नाले में गिरे सांड को बड़ी मुश्किल से रस्सी का फंदा बनाकर जेसीबी मशीन के सहारे खींचकर नाले से सुरक्षित बाहर निकाला। सोमवार की सुबह हाउसिंग बोर्ड सेक्टर - 1 सड्डू कॉलोनी क्षेत्र के नाले में हट्टा कट्टा सांड के अचानक गिरने से रहवासी हड़बड़ा गये। इसकी जानकारी उन्होंने मोवा स्थित जोन 9 दफ्तर में दी। सूचना मिलने पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने जोन की टीम को स्पॉट पर भेजा। टीम ने जेसीबी मशीन और श्रमवीरों की मदद से नाले में गिरे सांड को बड़ी मशक्कत के बाद रस्सी का फंदा बनाकर सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता पद्माकर श्रीवास, अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदिव्य हजारी, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में काउकेचर टीम ने सांड को नाले से बाहर निकाला। रहवासियों ने इस कार्य के लिए निगम के टीम की सराहना की।

## किसानों को भुगतना पड़ सकता है इसका दुष्परिणाम

# 15 दिन में लैब रिपोर्ट देने का नियम, कई हफ्ते-महीने लग रहे, इसलिए बाजार में बिक रहा अमानक फर्टिलाइजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कीटनाशक दवाओं की जांच के लिए कृषि विभाग द्वारा लिए गए करीब दो सौ सैंपल में 77 की लैब रिपोर्ट अब तक नहीं आ पाई है। वैसे लैब से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का नियम है, लेकिन टेस्टिंग में ही कई हफ्ते-महीने लग रहे हैं, जिससे लैब से समय पर रिपोर्ट विभाग तक नहीं पहुंच पा रही है। इसका दुष्परिणाम किसानों को भुगतना पड़ सकता है। जितने कीटनाशक दवाओं की सैंपल रिपोर्ट नहीं आ पाई है, उससे संबंधित लॉट की कई दवाइयां कृषि केंद्रों के माध्यम से किसानों द्वारा खरीदी जा चुकी हैं। इनमें से कई किसान निंदाई के दौरान फसलों पर इसका छिड़काव भी कर रहे हैं, जबकि सैंपल रिपोर्ट नहीं आने के कारण यह पता नहीं चल पाया है कि टेस्टिंग में दवाइयां मानक हैं या फिर अमानक। अगर रिपोर्ट अमानक पाई जाती है, तो इससे दवाओं का फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे किसानों को बड़ी क्षति भी हो सकती है।



### जून में भेजे गए थे सैंपल

बारिश के मौसम में खेतों में धान सहित फसलों की सिंचाई, रोपाई के बाद अब निंदाई का काम शुरू हो गया। फसलों को कई किस्म की बीमारी से बचाने के लिए किसान विविध ब्रांड के कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। तीजा-पोला पर्व के बाद निंदाई के काम में और तेजी आएगी। इसके लिए किसानों द्वारा कृषि विक्रय केंद्रों से कई ब्रांड की कीटनाशक दवाओ की खरीदी की जा रही है। इन्हीं दवाओ में से कई दवाओं के सैंपल लेकर कृषि विभाग ने जांच के लिए जून माह में लैब भेजे थे, जिनमें से 77 सैंपलों की रिपोर्ट अब तक नहीं आ पाई है। इधर रिपोर्ट आने तक दवाइयों की बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई है। इसके कारण कृषि केंद्रों में इस लॉट की कीटनाशक दवाइयां धड़ल्ले से बिक रही हैं। इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सैंपल की रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर ही बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है।

### मई में भेजे गए 4 सैंपल की रिपोर्ट भी लंबित

लैब में भेजे गए सैंपल में जिनकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है, उनमें 4 सैंपल मई के भी शामिल हैं। इन सैंपल की रिपोर्ट तीन माह बाद भी विभाग को नहीं मिल पाई है। इस तरह लैब में टेस्टिंग का काम कछुए गति से चल रहा है।

### बीज के दो सैंपल की जांच भी अटकी

विभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार धान बीज के सैंपलों को भी हर साल टेस्टिंग के लिए लैब भेजे जाते हैं। इस बार भी करीब 150 बीज के सैंपल टेस्टिंग के लिए भेजे गए थे। इनमें से 2 सैंपल की रिपोर्ट अब तक विभाग को नहीं मिला है।

### रिपोर्ट जल्दी भेजने लेटर जारी

लंबित सैंपलों की जांच जल्द कर रिपोर्ट भेजने के लिए लैब प्रभारी को लेटर जारी किया गया है। रिपोर्ट आने पर ही मानक और अमानक का पता चल पाएगा। अमानक मिलने पर सैंपल से संबंधित ब्रांड के लॉट की बिक्री पर रोक लगाने की कार्रवाई की जाएगी।

**- राजेंद्र कश्यप, उप संचालक कृषि विभाग रायपुर**

# 13 हजार राशन दुकानों में स्टॉक वितरण रजिस्टर का अता पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खाद्य विभाग में करोड़ों रुपए के राशन घोटाले में विधानसभा समिति के सामने कई खुलासे हो रहे हैं। घोटाले की जांच में यह पाया गया कि 13 हजार राशन दुकानों का घोषणा पत्र, जिसमें राशन सामग्री की बचत जानकारी थी, पोर्टल से गायब करा दिया गया। जानकारी मिली है कि घोटाले को अंजाम देने के लिए खाद्य संचालनालय के अफसरों ने छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2017के नियम का ही पालन तेरह हजार राशन दुकानों के संचालकों से नहीं करवाया, ताकि राशन सामग्री का पता ही चल न सके।

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2017 के अध्यादेश की धारा 5(11) में ये उल्लेख है कि प्रत्येक राशन दुकान में स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर रहेगा। इन रजिस्टर का प्रारूप खाद्य संचालक द्वारा विहित किया जाएगा। 2020 से लेकर आज तक संचालक खाद्य के सामने स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर का प्रारूप बना कर नहीं रखा है। दूसरी तरफ मैदानी अमले पर दबाव बना कर राशन दुकानों की जांच कर स्टॉक और वितरण रजिस्टर न होने की स्थिति में केस बनाने का दबाव डाला जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अरबों रुपए के राशन घोटाले के संबंध में जांच समिति की ओर से खाद्य मंत्रालय से 16 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी। बस्तर और सरगुजा संभाग के फूड अफसरों की बैठक में खाद्य संचालनालय के दोषी अधिकारी खुद को बचाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सभी संभाग जिलों के अधिकारियों से कहा गया है कि पूरी जानकारी भेजने के बाद समिति आगे इस मामले में निर्णय लेगी।

### गड़बड़ी वाली दुकानों की जांच पर जोर

सूत्रों ने बताया है कि संचालनालय में घोटाले का दोषी अधिकारी जूम वीडियो कांफ्रेंसिंग कर नियम विपरीत बाजार से घटिया चावल खरीद कर स्टॉक बराबर करने का काम किया है। विधान सभा सचिवालय के द्वारा 2022 से 2024 की अवधि में निलंबित और एफआईआर कराए जाने वाले राशन दुकानों की विस्तार से जानकारी मांगी है। ये भी जानकारी मांगी गई है कि राशन दुकानों को दो माह का कोटा देने के बाद तीसरे महीने कोटा किस आधार पर दिया गया।

# एमसीएच कालीबाड़ी में बनेगा माड्यूलर ओटी, मरीजों को लिफ्ट की सुविधा भी

### तीन महीने में काम पूरा करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रसव सहित अन्य समस्याओं के लिए की जाने वाली सर्जरी अब माड्यूलर ओटी में पूरी होगी। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी में माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का निर्माण अगले तीन माह में पूरा किया जाएगा। इसके अलावा वहां आने वाले गंभीर मरीजों के उपयोग के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी।




वर्तमान में जिला अस्पताल कालीबाड़ी में तीन ऑपरेशन थियेटर हैं, जिनकी मदद से सीजर प्रसव सहित अन्य सर्जरी की प्रक्रिया पूरी की जाती है। मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए हुए यहां माड्यूलर ओटी बनाने की जरूरत महसूस हो रही थी। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल निरीक्षण के लिए एमसीएच कालीबाड़ी पहुंचे तो यहां के चिकित्सकीय स्टाफ ने उन्हें इससे अवगत कराया था। मंत्री ने अगले तीन माह में यहां माड्यूलर ओटी बनाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ऑपरेशन थियेटर के माड्यूलर होने के बाद और सुरक्षित तरीके से ऑपरेशन किया जा सकेगा। इसके अलावा एमसीएच में आने वाले गंभीर और गर्भवती मरीजों की आवाजाही के लिए लिफ्ट लगाने का काम भी जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कैंटीन भी शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में धान की बुवाई 100 फीसदी, अब शुरू हुई गिरदावरी, बढ़ सकता है रकबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल खरीफ सीजन के धान की बुवाई सौ प्रतिशत हो गई है। साथ ही राज्यभर में राजस्व विभाग द्वारा फसलों की गिरादवरी का काम शुरू हो गया है। गिरदावरी की प्रक्रिया के दौरान ये जानकारी आ रही है, इस साल धान का रकबा पिछले साल के मुकाबले बढ़ सकता है। वजह ये है कि राज्य में धान की कीमत सबसे अधिक 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है। यही कारण है कि जिन किसानों ने पिछले साल अपने खेत में धान नहीं बोया था, वे भी इस बार धान लगा चुके हैं।

राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक पूरे प्रदेश में पटवारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में फसलों की गिरदावरी के काम में लग गए हैं। ये काम अगस्त से शुरू हुआ है। संभावना है कि राज्य भर में गिरदावरी का काम सितंबर के पूरे महीने में चलेगा। बताया गया है कि पटवारी गिरदावरी का काम मैन्युअल और ऑनलाईन दोनों सिस्टम से कर रहे हैं। किसानों के खातों में यह दर्ज किया जा रहा है कि उनके पास कुल जमीन में कितने रकबे में धान या अन्य कोई फसल लगाई गई है। राज्य में खरीफ सीजन में सबसे अधिक खेती धान की की जाती है।

### पूरे प्रदेश में पटवारी कर रहे हैं गिरदावरी



### बढ़ सकता है धान का रकबा

छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 2712.63 हेक्टेयर रकबे में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले साल 2676 .53 हेक्टेयर में धान बोया गया था। यह बुवाई धान की सीधी बोवाई के माध्यम से हुआ है। राज्य में धान का रोपा 1152.46 हेक्टेयर रकबे में लगाया गया है। इस तरह कुल मिलाकर 3865.09 हेक्टेयर में धान की बुवाई हो चुकी है। यह लक्ष्य का सौ प्रतिशत है। पिछले साल इसी अवधि में 3747.25 हेक्टेयर में धान की बुवाई हुई थी। दूसरी ओर राजस्व विभाग के सूत्रों का कहना है कि इस साल धान का रकबा बढ़ सकता है। वजह ये है कि राज्य में धान की सबसे अधिक कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है। इस हिसाब से प्रति एकड़ धान की कीमत 65 हजार रूपए से अधिक होती है।

### पिछले साल नहीं बोने वाले भी ले रहे हैं फसल

इधर रायपुर से लगे अभनपुर क्षेत्र से मिल रही जानकारी के अनुसार जिन किसानों ने पिछले साल अपनी खेतों में धान नहीं लगाया था, वे भी इस साल धान लगाए हैं। ऐसे किसान पटवारियों से मिलकर उन्हें जानकारी दे रहे हैं कि कितने रकबे में धान लगाया है। ये किसान पटवारियों से रिकार्ड में सुधार करवा रहे हैं। दरअसल जो किसान एक साल भी धान नहीं बोते है, उनकी जमीन के रिकार्ड में पड़त जमीन लिख दी जाती है। ऐसे में संबंधित किसानों का धान बेचने के लिए पंजीयन भी नहीं किया जाता है।

## प्रदेश संगठन को बनाने हैं 50 लाख सदस्य, सभी राज्यों को अलग-अलग लक्ष्य

# पूरा साय मंत्रिमंडल, सांसद, विधायक, भाजपा के बड़े नेता भी जाएंगे सदस्यता अभियान के लिए बूथों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज अगले माह से होगा। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसके बाद अगले दिन से राज्यों में अभियान प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीन सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसी के साथ प्रदेश में सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद सहित प्रदेश भाजपा, जिलों के पदाधिकारी भी



बूथों तक जाएंगे। हर छोटे से बड़े नेता को बूथों तक जाकर अभियान में सहभागिता निभानी है। सभी नेता अपने-अपने हिसाब से समय देंगे। प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पहली बार बड़ा फैसला लेते हुए अपनी पुरानी 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को रद्द करते हुए सभी को 2024 से नया सदस्य बनाने का फैसला किया है। इसके लिए पूरी योजना तैयार हो गई है। देश भर में पुराने सदस्यों के साथ नए दस करोड़ सदस्य भी बनाने हैं। इसके लिए सभी राज्यों को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य राष्ट्रीय संगठन ने नहीं दिया है, बल्कि राज्यों को खुद तय करने के लिए कहा है। राज्यों के छोटे-बड़े के हिसाब से सदस्यता तय की जा रही है। जहां एक तरफ छत्तीसगढ़ में पुराने और नए सदस्यों को मिलाकर 50 लाख का आंकड़ा पूरा करना है, वहीं पड़ोसी राज्य में मप्र में डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

### पूरा फोकस बूथों पर

भाजपा का हमेशा से बूथों पर ही फोकस रहता है, चाहे वह चुनाव की बात हो या फिर सदस्यता अभियान की। इस बार सदस्यता अभियान के लिए भी बूथों पर पूरा फोकस है। बूथों में 6 सितंबर से अभियान प्रारंभ होना है। बूथों तक मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश के बड़े नेताओं को भी बूथों तक जाने के लिए राष्ट्रीय संगठन के निर्देश हैं। ऐसे में सभी से कहा गया है कि वे देख लें कि किनको कहां जाना है। इसके लिए कोई तिथि तय नहीं है, सभी अपने कार्यक्रमों के हिसाब से समय निकालकर जाएंगे। सांसदों को जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने के लिए कहा गया है, वहीं विधायकों को दस-दस हजार सदस्य बनाने हैं। चाहे तो कोई इससे भी ज्यादा सदस्य बना सकते हैं। प्रदेश के मंत्रियों को भी विधायक होने के नाते दस-दस हजार सदस्य ही बनाने हैं। प्रदेश के मंत्रियों को जिलों में भी सदस्यता अभियान के प्रारंभ में जाने के लिए कहा गया है। जिलों का अभियान चार सितंबर से प्रारंभ होगा। इसके बाद पांच सितंबर को मंडलों और अंत में 6 सितंबर से लगातार बूथों में सदस्यता अभियान चलेगा। यह 25 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद फिर से 1 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलेगा।

### रोटरी क्लब ने किया एम. राजीव का सम्मान



**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कैपिटल के गठन का सिल्वर जुबली समारोह आयोजित किया गया। साथ ही साधनहीन बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निस्वार्थ भाव से कोचिंग उपलब्ध कराने वाली युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव को रोटरी इंटरनेशनल संस्था के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करते हुए एम. राजीव ने उपस्थित लोगों को बताया कि आज के इस व्यावसायिकता के दौर में शिक्षा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों की पहुंच से कोसों दूर है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विगत 24 वर्ष पूर्व युवा संस्था की स्थापना की थी।

# 77 हजार पंजीकृत किसानों का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड, 58 हजार का बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में खरीफ फसल का धान खरीदी करने के लिए कृषि विभाग द्वारा पंजीकृत किसानों को कैरी फॉरवर्ड करने से लेकर संशोधन एवं नये किसानों का पंजीयन करने की प्रक्रिया जारी है। रायपुर जिले में एक लाख 35 हजार से अधिक पंजीकृत किसान हैं। इनमें से 77 हजार 22 किसानों का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड किया जा चुका है, वहीं 58 हजार 422 किसानों का अब तक कैरीफॉरवर्ड नहीं हो पाया है। इधर पंजीकृत किसानों में कई संशोधन करा पंजीयन कैरीफॉरवर्ड करा रहे हैं, वहीं इस साल कई नये किसानों द्वारा भी पंजीयन कराया जा रहा है।

### 134 नये किसानों ने कराया पंजीयन, सर्वाधिक आरंग के

कृषि विभाग कार्यालय से मिले आकड़ों के अनुसार जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अब तक 134 नये किसान पंजीयन करा चुके हैं, जिससे जिले में पंजीयन कराने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पंजीयन कराने वाले नये किसानों में सबसे ज्यादा आरंग क्षेत्र के किसान हैं। इस क्षेत्र से 70 नये किसानों ने पंजीयन कराया है। इसी प्रकार मंदिर हसौद में 15, गोबरा नवापारा 18, खरोरा 16, अभनपुर 8, रायपुर 1, धरसींवा 1 एवं तिल्दा से 5 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन और संशोधन की प्रक्रिया जारी, नये किसान भी कराने लगे पंजीयन

**पंजीकृत एवं कैरीफॉरवर्ड हुए किसानों की तहसीलवार संख्या**

| तहसील | पंजीकृत | कैरीफॉरवर्ड |
|---|---|---|
| मंदिर हसौद | 12753 | 11382 |
| अभनपुर | 15640 | 4056 |
| रायपुर | 2644 | 712 |
| आरंग | 36244 | 14199 |
| धरसींवा | 15083 | 6846 |
| तिल्दा | 17155 | 9035 |
| गोबरानवापारा | 17159 | 9154 |
| खरोरा | 18870 | 13073 |



**कैरीफॉरवर्ड और नए पंजीयन का काम**

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए एकीकृत कृषक पोर्टल पर पंजीकृत किसानों का कैरीफॉरवर्ड, संशोधन एवं नया पंजीयन तथा सत्यापन किया जा रहा है। कैरीफॉरवर्ड करीब 57 प्रतिशत हो चुका है।

- राजेंद्र कश्यप, उप संचालक, कृषि विभाग रायपुर

### 73 किसानों ने कराया संशोधन

जिले में पंजीकृत किसानों में 73 ने कैरीफॉरवर्ड से पहले अपने-अपने पंजीयन में संशोधन कराया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इनमें किसी किसान का रकबा बढ़ा, तो किसी का घटा है। कोई किसान ने अपना नॉमिनी बदला है, तो किसी ने आधार और मोबाइल नंबर अपडेट कराया है। इस तरह के अलग-अलग कारण से किसानों ने संशोधन कराया है।

### धीमी गति से चल रहा सत्यापन का काम

जिले में कैरीफॉरवर्ड, संशोधन और नये पंजीयन का काम तेज गति से चल रहा है, लेकिन संशोधन और सत्यापन का काम विपरीत काफी धीमी गति से चल रहा है। संशोधन और नये पंजीयन के सिर्फ 5-5 किसानों के दस्तावेजों का ही सत्यापन किया गया है।

## खबर संक्षेप



### सिंधी समाज की बैठक सभा समितियों का गठन

**रायपुर।** चालीहा महोत्सव की तैयारी को लेकर सामाजिक भवन में सोमवार को सिंधी समाज की बैठक हुई। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दो दिवसीय 27 और 28 अगस्त को भजन-कीर्तन और सत्संग का कार्यक्रम होगा। साथ ही एक भव्य जुलूस भी निकाला जाएगा, जिसमें आस की मटकी व बहराणा साहेब की शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मरीन ड्राइव पहुंचकर समाप्त होगी। बैठक में सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थवानी, सुभाष बजाज और तनेश आहूजा ने बताया कि आयोजन के लिए अनेक समितियों का गठन किया गया है, जिसमें मुख्य रूप से लंगर सेवा सिंधु एकता संघ की गो=सेवा टीम व एमडी ग्रुप को दी गई है, वहीं जुलूस व बहराणा साहेब की व्यवस्था महावीर नगर पंचायत को दी गई है। एक पहल और तथा सेवा पथ के सेवादारियों को सत्संग व अन्य सेवाओं के लिए अधिकृत किया गया है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल को भी दरबार जाकर आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने सहर्ष आने की स्वीकृति प्रदान की। बैठक में मुकेश थवानी, तनेश आहूजा, सुभाष बजाज, सागर दुल्हानी, गुलशन उदासी, दिनेश डोडवानी आदि उपस्थित थे।

### 'यादें मुकेश' कार्यक्रम आज

**रायपुर।** दर्द भरे गीतों के बादशाह स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 48वीं पुण्यतिथि के अवसर पर यादें मुकेश का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भिलाई स्थित नेहरू हाउस सेक्टर-1 में 27 अगस्त के शाम 7 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम के साथ ही स्व. आशा इकबाल महिला पत्रकार सम्मान का आयोजन भी विगत 12 वर्षों से निरंतर जारी है। इस वर्ष महिला पत्रकार सम्मान में छत्तीसगढ़ सहित 5 राज्यों की 9 महिला पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैशाली नगर के युवा विधायक रिकेश सेन करेंगे। महिला पत्रकारों का सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी (पी एंड ए ) पवन कुमार रहेंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ इकबाल करेंगे।



### भनपुरी में विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन



**रायपुर।** भनपुरी के यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 4 में विधायक मोतीलाल साहू की स्वीकृति से 2,23,74,000 रुपए की लागत से सड़क और नाली के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। गोवर्धन नगर में लंबे समय से सड़क, नाली और बिजली खंबों की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनता के अथक प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया है। सुमित्रा जितेंद्र साहू ने वार्ड के विकास के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी देते हुए कहा कि छोटी-छोटी जनसुविधाओं के लिए वार्डवासियों को बहुत भटकना पड़ा।

उन्होंने दरी तालाब के अंदर पार्षद निवास के पीछे अवैध निर्माण कार्य और गंगानगर, भनपुरी बाजार में कम रोशनी के कारण सब्जी बेचने वाले व्यापारियों को हो रही समस्याओं का जिक्र किया। कम रोशनी के कारण व्यापारियों को हर कनेक्शन पर 40 रुपए लाइट किराया देना पड़ रहा है, जिससे सालाना रुपए 8,32,000 का आर्थिक नुकसान हो रहा है।

## इमाम हुसैन के चालीसवें पर निकला मातमी जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हैदरी मस्जिद ट्रस्ट मोमिनपारा द्वारा हजरत इमाम हुसैन के चालीसवें के अवसर पर सोमवार को विशाल मातमी जुलूस निकाला गया। हैदरी मस्जिद ट्रस्ट शीआ अस्ना अशरी मोमिन जमात के मुतवल्ली हैदर अली, मीडिया प्रभारी ताहिर हैदरी एवं सुख़नवर हुसैन ने बताया कि मातमी जुलूस मोमिनपारा से प्रारंभ होकर हांडीपारा, आजाद चौक, आमापारा, विवेकानंद आश्रम, राजकुमार कॉलेज, जीई रोड होते हुए देर रात्रि में ऐतिहासिक करबला तालाब पहुंचकर समाप्त हुआ। हजरत इमाम हुसैन के चालीसवें के अवसर पर मोमिनपारा से विशाल मातमी जुलूस निकाला जाता है। जुलूस में कलात्मक ताजिए और अलमे मुबारक भी शामिल हुए। राजधानी में हुसैनी मातमदारों ने जुलूस में शामिल होकर हजरत इमाम हुसैन को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह मोमिनपारा में कई स्थानों पर हजरत इमाम हुसैन की याद में नजरो न्याज का आयोजन हुआ।

हैदरी मस्जिद से दोपहर बाद परंपरागत रूप से मातमी जुलूस निकाला गया। प्रारंभ में हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर केंद्रित दर्द भरे मर्सिए पेश किए गए। शोक का प्रतीक काले कपड़े पहने हुए मातमदारों का विशाल जनसमूह जुलूस में सम्मिलित हुआ। हुसैनियों ने मातम करके, हुसैन के गम में आंसू बहाकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



■ जुलूस में कलात्मक ताजिए और अलमे मुबारक भी शामिल हुए

### निजी के साथ सरकारी अस्पतालों में इलाज, दो दर्जन जिले प्रभावित

## खतरनाक हो रहा स्वाइन फ्लू, 10 माह के बच्चे से 60 साल के बुजुर्ग तक चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बारिश के मौसम में हवा में फैलने वाली संक्रामक बीमारी स्वाइन फ्लू खतरनाक स्थिति में आने लगा है। सर्दी-खांसी की शिकायत के बाद अस्पताल पहुंचने पर दस माह के बच्चे से लेकर साठ साल के बुजुर्ग को इससे पीड़ित पाया गया है। राजधानी के सरकारी के साथ निजी अस्पताल में इनका इलाज चल रहा है। प्रदेश में 23 जिले स्वाइन फ्लू की चपेट में आ चुके हैं और 82 केस एक्टिव केस हैं।

स्वाइन फ्लू के मामले में पहले बीमार लोगों की ट्रैवल हिस्ट्री तलाशी जा रही थी, मगर अब पुरानी सर्दी-खांसी के मरीजों को संदिग्ध मानकर उन्हें जांच के दायरे में लाया जा रहा है। कोरोना की तरह घातक स्वाइन फ्लू की वजह से अब तक 23 लोगों की जान जा चुकी है और पिछले आठ माह में इसके 200 के करीब केस सामने आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अगस्त में इसका प्रकोप सबसे अधिक दिखाई दे रहा है और 80 फीसदी मामले इसी महीने के हैं। स्वाइन फ्लू के सबसे ज्यादा मामले बिलासपुर में सामने आए हैं, वहीं रायपुर जिले में भी संक्रमितों का आंकड़ा पचास के पार हो चुका है। प्रदेश में अभी एक्टिव मरीजों की संख्या 82 के करीब है, जिसमें से 60 मरीजों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है और शेष होम आइसोलेशन की अवधि पूरी कर रहे हैं।

**सर्वाधिक मरीज बिलासपुर और रायपुर में, प्रदेश में 82 एक्टिव केस**

**पांच दिन में 15 केस**

रायपुर जिले में पांच दिन के भीतर 15 मरीज सामने आए हैं, जो अभी एक्टिव हैं। इनका इलाज निजी अस्पताल के साथ एम्स, आंबेडकर अस्पताल में चल रहा है। विभागीय टीम मरीजों के क्लोज कांटेक्ट की जांच के साथ ट्रैवल हिस्ट्री भी खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि ज्यादातर मरीज दूसरी बीमारी के इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे और एहतियातन हुई जांच में उन्हें स्वाइन फ्लू का पीड़ित पाया गया है। जिले में अब तक 54 से मिल चुके हैं। इसके अलावा बिलासपुर में 63, जांजगीर में 16, दुर्ग में 15, कोरबा में दस मरीज सामने आ चुके हैं। अन्य जिले में इनकी संख्या दहाई से कम है।




**दर्जनभर मौत**

स्वाइन फ्लू की वजह से अब तक विभिन्न जिलों में दर्जनभर मौत होने की जानकारी सामने आ चुकी है। हालांकि अधिकारी इन मौत की वजह की पुष्टि किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। अब तक स्वाइन फ्लू से जान गंवाने वालों में बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग से 2-2 मरीज इसके अलावा बस्तर, राजनांदगांव, कोरिया, जीपीएम, चांपा-जांजगीर, केसीजी जिले में एक-एक मौत होने की खबर है।

**यह जिले प्रभावित**

सूत्रों के अनुसार स्वाइन फ्लू रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर, दुर्ग, कोरबा के अलावा, मुंगेली, रायगढ़, बालोद, कांकेर, एमसीबी, बस्तर, धमतरी, महासमुंद, नांदगांव, बलौदाबाजार, कबीरधाम, सुकमा, कोरिया, जीपीएम सहित अन्य जिलों में दबिश दे चुका है।

**स्वास्थ्य मंत्री कर रहे निगरानी**

स्वाइन फ्लू के मामले लगातार सामने आने के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल लगातार इसकी निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को लक्षण के आधार पर लोगों की जांच करने और पॉजिटिव आने पर समुचित उपचार कराने की हिदायत दी है।

## धूमधाम से मनाई गुरु बालकदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

न्यू राजेंद्रनगर स्थित अकादमी भवन में सोमवार को गुरु घासीदास के द्वितीय सुपुत्र, महान प्रतापी राजा गुरु बालकदास की 223वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सतनामी समाजजनों ने गुरुजी के छायाचित्र की विशेष पूजा-अर्चना कर मंगल आरती की। संयोजक व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जेआर सोनी ने बताया कि इसके बाद के अनुकरणीय कार्यों को याद करते हुए उनके जीवन दर्शन पर बड़े पर्दे पर शीघ्र रिलीज होने वाली फिल्म 'बलिदानी राजा गुरु बालकदास' में भूमिका निभाने वाले सभी पात्र कलाकारों को शॉल, प्रतीक चिन्ह तथा प्रशस्तिपत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि गुरु बालकदासजी ने आत्मरक्षा के लिए अखाड़ा सिखाकर रावटी के माध्यम से समाज को उपदेश दिया। आज गांव-गांव में भंडारी, साटीदार, छड़ीदार, महंत, राजमहंत जैसे पद सृजित कर सामाजिक व्यवस्था को संगठित व सुव्यवस्थित बनाया, वह गुरुजी की देन है। उन्होंने इस अवसर पर फिल्म निर्माताओं की मांग पर उनकी समस्याओं के निदान के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खण्डे ने कहा कि अंग्रेज गवर्नर एग्नू ने सन 1828 में गुरुजी की नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर उन्हें राजा की पदवी से नवाजा था, इस दौरान उन्हें सोने की मूठ लगी तलवार तथा हाथी भेंट किए थे।

## मटकी फोड़कर हड़ताली कर्मचारियों ने धरनास्थल पर मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी 10 सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता में दे रहे धरना

■ कृष्ण जन्माष्टमी के दिन भजन-कीर्तन कर मनाया उत्सव

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश के विभिन्न जगहों से आए वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने मटकी फोड़कर धरना स्थल पर जन्माष्टमी का उत्सव मनाया। हड़ताली कर्मचारियों ने कृष्ण की भक्ति में सामूहिक रूप से भजन, कीर्तन किया और अपनी 9 सूत्रीय मांग को पूरा कराने अनूठे तरीके से शासन का ध्यान आकर्षित कराया।

छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 7 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी नियमितीकरण, स्थायीकरण, कार्यभारित आकस्मिकता सेवा नियम लागू करने सहित 9 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। धरना प्रदर्शन में प्रदेश के सभी जिलों से दैनिक वेतनभोगी, वाहन चालक, कंप्यूटर आपरेटर, कार्यालय सहायक, दैनिक श्रमिक, सुरक्षा श्रमिक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक इस हड़ताल में शामिल हैं। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर हड़ताली कर्मचारियों ने पंडाल में ही मटकी फोड़ का आयोजन किया। इसमें महिला व पुरुष कर्मचारियों ने मिलकर मटकी फोड़ी। धरना स्थल पर कर्मचारियों की भजन मंडली ने कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर सोहर गीत भी गाये।

## गुढ़ियारी में शराब पीने के विवाद पर हत्या, बदमाशों के गुट ने किया बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ सरस्वतीनगर थाना क्षेत्र में छेड़खानी के विवाद पर दो गुटों में जमकर मारपीट

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में रविवार को शराब पीने के विवाद के दौरान एक युवक ने एक अन्य के सिर पर गमला पटक कर हत्या कर दी। एक अन्य मामले में गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में आदतन बदमाश ने अपने साथियों के साथ जमकर उत्पात मचाते हुए घरों में तोड़फोड़ करने के साथ महिलाओं के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में छेड़खानी के विवाद पर दो समुदायों में जमकर मारपीट हुई। गुढ़ियारी में बदमाशों के उत्पात तथा छेड़खानी विवाद पर मारपीट का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक सूरज सिन्हा उर्फ वासू की हत्या के आरोप में भूपेंद्र यादव उर्फ भोपू को गिरफ्तार किया गया है। सूरज के साला गणेश वर्मा ने पुलिस को बताया है कि भूपेंद्र उसका दोस्त है। घटना दिनांक को वह अपने जीजा तथा दोस्त के साथ शराब पी रहा था। शराब पीने के दौरान भूपेंद्र के साथ गणेश का विवाद हो गया। विवाद के चलते भूपेंद्र, गणेश के साथ हाथापाई करने लगा। इस दौरान सूरज बीच-बचाव करने पहुंचा, तो भूपेंद्र ने गमला उठाकर सूरज के सिर पर पटक दिया। इसके बाद भूपेंद्र ने पास रखे फर्सी पत्थर से सूरज के सिर पर ताबड़तोड़ वार किया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सूरज को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पूर्व में गंज शराब भट्टी में गणेश तथा भूपेंद्र का शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पुनः विवाद हुआ।

### दहशत फैलाने महिलाओं के साथ मारपीट

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के गोगांव में क्षेत्र के आदतन बदमाश आकाश साहू तथा देव प्रकाश साहू ने क्षेत्र में आतंक स्थापित करने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जमकर उत्पात मचाया। बदमाश आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ मारपीट करते हुए उनकी दोपहिया तथा घरों में तोड़फोड़ करते हुए महिलाओं की साड़ी खींचने के साथ उनके साथ बदसलूकी की। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बदमाश तलवार के साथ चाकू लहराते दिख रहे हैं।

### छेड़खानी के विवाद पर जमकर चले हाकी-स्टिक

सरस्वीत नगर थाना क्षेत्र में युवती के साथ छेड़खानी के विवाद पर दो समुदायों ने एक दूसरे पर जमकर हाकी-स्टिक चलाने के साथ एक दूसरे पर पथराव किया। घटना की जानकारी मिलने पर दोनों पक्षों को पुलिस थाने लेकर पहुंची, तो दोनों पक्ष थाने के अंदर देर रात तक विवाद करते रहे। घटना के बाद पुलिस शंकर सोना तथा शहबाज खान के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### 30 अगस्त को भूमिपूजन

## अयोध्या में बनेगा 20 कमरों का सर्वसुविधा युक्त गोदड़ीधाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ छत्तीसगढ़ से 500 श्रद्धालु आज व कल होंगे रवाना

■ राममंदिर मार्ग के 10 मिनट के रास्ते पर 3 हजार वर्गफीट जगह पर होगा निर्माण

अयोध्या में 20 कमरों से सुसज्जित सर्वसुविधा युक्त गोदड़ीधाम बनेगा। वहां श्रद्धालुओं के लिए ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके निर्माण के लिए भूमिपूजन 30 अगस्त को होगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से 500 श्रद्धालु ट्रेन व हवाई मार्ग से 27 और 28 अगस्त को रवाना होंगे। अयोध्या के राममंदिर मार्ग पर बनने वाला गोदड़ीधाम 3 हजार वर्गफीट जमीन पर बनेगा।

छत्तीसगढ़ की राजधानी में गोदड़ीधाम की तर्ज पर अब अयोध्या में गोदड़ीवाला धाम बनेगा। छत्तीसगढ़ में गोदड़ीवाला 11 धाम सेवा में है। भारत व सिंध मिलाकर कुल 65 धाम इस समय संचालित हैं। इसी कड़ी में अयोध्या में गोदड़ीवाला धाम बनाने के लिए 30 अगस्त को भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित है। इसमें रायपुर, भाटापारा, तिल्दा, चकरभाटा बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्लीराजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग और भिलाई से 500 श्रद्धालुओं का जत्था 27 अगस्त को गरीबरथ से और 28 अगस्त को हवाई मार्ग से लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेंगे। अयोध्या में बनने वाला गोदड़ीधाम ऑल इंडिया गोदड़ीधाम के सहयोग से संचालित होगा। इसके प्रबंध समिति में देश के विभिन्न स्थानों के चुनिंदा सदस्यों के साथ विशेष रूप से रायपुर गोदड़ीधाम के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

### देशभर से श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचेंगे

27 और 28 को गोदड़ीवाले का मेला में भाग लेने के बाद वाहनों से यह जत्था अयोध्या रवाना होगा। इस कार्यक्रम में देशभर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। कार्यक्रम में सुबह 9 बजे अखंड धुनी साहब का पाठ और सुंदर कांड का पाठ होगा। इसके साथ ही सत्संग कीर्तन दोपहर 2 बजे से संत महात्माओं के सानिध्य में किया जायेगा। दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने बताया कि अयोध्या में बनने वाले गोदड़ीधाम से राममंदिर का रास्ता 10 मिनट का है।

## यूनिफाइड पेंशन स्कीम जनवरी से होगी लागू, रेल मंडल के 7500 कर्मचारी-अधिकारी होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ प्रेस वार्ता में मंडल रेल अधिकारियों ने योजना से जुड़ी जानकारी की साझा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में सोमवार को यूनिफाइड पेंशन स्कीम यूपीएस विषय पर सभागार में प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसमें स्कीम को लेकर विस्तार से समझाया गया।

मंडल कार्मिक अधिकारी, प्रभारी राहुल गर्ग ने बताया कि जनवरी 2025 से लागू होगी, जिसमें मंडल के 7500 कर्मचारियों और अधिकारियों को सीधा लाभ मिलेगा। स्कीम से जुड़ी विशेषताओं के बारे में बताया कि सुनिश्चित पेंशन में 25 वर्ष की न्यूनतम अर्हक सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत। यह वेतन न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि तक कम सेवा अवधि के लिए आनुपातिक होगा।.सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन में कर्मचारी की मृत्यु से ठीक पहले उसकी पेंशन का 60 प्रतिशत और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन में न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10,000 रुपये प्रति माह होगा।

### औद्योगिक श्रमिकों के लिए राहत

मंडल अधिकारी के मुताबिक औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, एआईसीपीई-आईडब्ल्यू के आधार पर महंगाई राहत मिलेगी। सैन्य कर्मचारियों के मामले में सेवानिवृत्ति के समय ग्रेच्युटी के अतिरिक्त एकमुश्त भुगतान, सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह महीने के लिए, सेवानिवृत्ति की तिथि पर मासिक परिलब्धियों, वेतन के साथ डीए का 1/10वां हिस्सा,इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की धनराशि कम नहीं होगा। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, परिचालन बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, अवधेश कुमार त्रिवेदी, मंडल कार्मिक अधिकारी, प्रभारी राहुल गर्ग, मंडल वित्त प्रबंधक, प्रभारी शिवाशीष कुमार उपस्थित रहे।

### प्रदेश में अब तक 886.4 मिमी वर्षा

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक, 1 जून 2024 से अब तक राज्य में 886.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून 2024 से 26 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1859.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 487.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।










हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 27 अगस्त 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


खाटू श्याम मंदिर


श्री गोपाल मंदिर

# नंद घर आनंद भयो... जय कन्हैया लाल की...


इस्कॉन मंदिर

रायपुर। सोमवार मध्यरात्रि 12 बजते ही नंदलाला के जयघोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसरों से लेकर घरों में भी लोगों ने कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। भगवान के जन्म का समय होते ही उत्सव स्थल पर 'नंद घर आनंद भयो...' की गूंज रही। भजनों का दौर शाम से ही शुरू हो गया था, जो देर रात तक चला। लड्डू गोपाल को फूलों से सजे झूले में विराजित किया गया। उनके दर्शन करने लोगों की भीड़ उमड़ी। आरती के बाद उत्सव में शामिल लोग प्रसाद लेने के बाद लौटे। रात्रि एक बजे तक मंदिरों में भीड़ रही।

## मध्यरात्रि गुंजायमान हुए कृष्ण मंदिर, पंजीरी-पंचामृत लेने रात्रि एक बजे तक लगी रही भक्तों की कतार


मुरली मनोहर मंदिर, ब्राह्मणपारा

### श्री गोपाल मंदिर : प्राकट्य के बाद पंचामृत स्नान व आरती

सदर बाजार में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम शाम को भोग आरती के साथ शुरू हुई। श्री गोपाल मंदिर के ट्रस्टी रमेश नत्थानी, बद्रीदास झंवर और राजकिशोर ने बताया, महिलाओं ने सुबह से शाम तक गोपाल के श्रीधाम को संवारने के लिए खुद फूलों की माला तैयार की। शाम को आरती-पूजन के बाद रात 8 बजे से संजय कश्यप एवं साथियों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस बीच महिलाओं व पुरुष भक्तों की टोली भजन स्थल के पास नृत्य करते हुए कृष्ण जन्म को उत्सव का रूप दे रही थी। यह सिलसिला रात 11.30 बजे तक चलता रहा।


इस्कॉन मंदिर

### जैतुसाव मठ : 1100 किलो मालपुए का भोग


श्री गोपाल मंदिर

प्राचीन जैतुसाव मठ में इस बार भी परंपरागत रुप से जन्मोत्सव की कड़ी में सुबह से ही तैयारियों का दौर चला। शाम को पूजा-आरती के बाद कृष्ण जन्मोत्सव के समय आधी रात तक माहौल बना रहा। यशोदा व नंदबाबा के वेश में लीला की गई। उत्सव में शामिल होने के लिए पुरानी बस्ती के हर मोहल्ले के लोग भी परिवार के साथ पहुंचे। मंदिर में प्रसिद्ध भजन गायक लल्लू महाराज की टीम जन्मोत्सव की श्रृंखला को उत्सव का रुप देने के लिए मौजूद रही। रात 12 बजते हुए कृष्ण के जन्म की खुशी भक्तों के चेहरे पर भी देखने को मिली। कृष्ण के जयघोष से मठ में जन्मोत्सव के दृश्य भी सामने आए। भगवान को फूलों से सजे झूले में झूलाते हुए पूजा-आरती की गई। जन्मोत्सव के लिए 1100 किलो का मालपुआ भी तैयार किया गया है। मंगलवार को परंपरा के तहत भोग-आरती की विधि होगी।





### इस्कॉन मंदिर : राजनांदगांव के भजन गायकों की जोड़ी ने जमाया रंग

इस्कॉन मंदिर को कोलकाता से मंगाए गए सेवंती, मोंगरा, रातरानी, गुलाब व गेंदा के फूलों से मंदिर को सजाया गया। मुंबई और वृंदावन से मंगाए गए वस्त्र व श्रृंगार सामग्री से हर दिन विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। भजन संध्या के बाद संध्या आरती, प्रसाद वितरण, कलश अभिषेकम के बाद महाअभिषेकम, छप्पन भोग अर्पण किया गया। रात 10 बजे से जन्मोत्सव में शामिल होने वालों की भीड़ बढ़नी शुरू हुई। एक तरफ जहां जन्मोत्सव के लिए तैयारी चल रही थी, वहीं दूसरी तरफ पंडाल में सजाए गए मंच पर राजनांदगांव के भजन गायक निखिल-श्याम की जोड़ी ने लोगों को कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत भजनों से मंत्रमुग्ध किया। रात 12 बजते ही श्री श्री राधा रासबिहारी का जन्मोत्सव का होते ही जयघोष से मंदिर गूंजायमान हुआ। विशेष श्रृंगार के बाद भक्तों ने महाआरती में शामिल होने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। रात एक बजे तक भीड़ रही। मंदिर अध्यक्ष एचएच सिद्धार्थ स्वामी, सुलोचन कृष्ण दास, जनार्दन दास, दिलीप केडिया व राजेंद्र पारख सहित अन्य उपस्थित रहे।

### खाटू श्याम मंदिर : कृष्ण के जीवन प्रसंगों से सराबोर भजन श्रृंखला

खाटू श्याम मंदिर समता कॉलोनी में इस बार सजावट के लिए कोलकाता से फूल मंगाए गए। दोपहर 4 बजे से ही श्री श्याम खाटू के गर्भगृह को सजाने का सिलसिला शुरू हुआ। रात 8 बजते ही एक तरफ जहां जन्मोत्सव के लिए मंदिर के पुजारी राजेश शर्मा ने विधि-विधान को पूरा करने के लिए सामग्री जुटानी शुरू की। वहीं मंदिर में परंपरा के तहत भक्तिमय माहौल देने के लिए स्थानीय भजन गायकों की टोली ने कृष्ण के जीवन प्रसंगों से सराबोर भजनों की श्रृंखला भक्तों के बीच रात 12 बजे तक सजाई। मध्यरात्रि जन्म होते ही विधि-विधान से खास तौर से डिजाइन की गई पोशाक पहनाने व श्रृंगार करके उन्हें झूला झुलाने की परंपरा निभाते हुए महाआरती की गई। इसमें श्याम खाटू के भक्त परिवार के साथ शामिल हुए। रात एक बजे तक भीड़ रही।


खाटू श्याम मंदिर

### दही हांडी लूटने पुरुषों-महिलाओं की 20 टोलियां तय, जीतने वालों को मिलेगा 8 लाख के इनाम

श्री कृष्ण जन्मोत्सव के बाद मंगलवार शाम 4 बजे से गुढ़ियारी के अवधपुरी मैदान में दही हांडी उत्सव प्रतियोगिता का दौर शुरू होगा। इसके लिए सार्वजनिक दही हांडी उत्सव समिति एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट ने आयोजन स्थल पर भव्य स्टेज भी सजाया है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ही नहीं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड और ओडिशा की महिलाओं व पुरुषों की 20 गोविंदा टोलियां भाग लेंगी।उत्सव के संयोजक बसंत अग्रवाल ने सोमवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि इस बार 8 लाख से ज्यादा का इनाम टोलियों को दिया जाएगा। दही हांडी लूटने वाली विजेता टोली को इनाम स्वरूप 5 लाख 51 हजार, महिला टोली को एक लाख 51 हजार, ग्रीस युक्त खंभे पर चढ़ने वाली टोली को एक लाख 51 हजार रुपए दिया जाएगा। बाहर से आने वाले सभी टोलियों को 21-21 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा।

### कान्हा के जन्म लेते ही बेहोश हुए प्रहरी



कान्हा के जन्म लेते ही जेल के प्रहरी बेहोश हो गए। नंद बाबा व देवकी की हथकड़ी अपने आप खुल गई। इस अलौकिक दृश्य को देखकर वे भी हैरान हुए। कुछ इसी तरह का दृश्य सिटी कोतवाली में मध्यरात्रि देखने को मिला। देवकी के रूप में हेमलता यादव व नंद बाबा के वेश में सुनील यादव और कंस का किरदार पुरुषोत्तम चंद्राकर ने निभाया। मथुरा व गोकुल के बीच की दूरी को परंपरा के तहत ही पूरा किया गया। बंदीगृह के पहरेदार बेहोश पड़े थे, इसी बीच हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की का जयघोष गुंजायमान हुआ। यह कोई नाट्य मंचन का दृश्य नहीं, बल्कि वर्षों से कोतवाली थाने में मनाए जा रहे कृष्ण जन्मोत्सव की परंपरा का हिस्सा था। इस बार भी झेरिया यादव समाज के संरक्षक माधव यादव की अगवाई में इसे निभाते हुए नंद बाबा टोकरी में कान्हा को लेकर सदर बाजार के गोपाल मंदिर पहुंचे।

### गुलजार रहा महामाया परिसर

श्री महामाया मंदिर में सोमवार को दिनभर उत्सव का सिलसिला चला। रात 10 बजते ही पुजारी पं. मनोज शुक्ला व अन्य पंडितों ने योगमाया के प्राकट्य उत्सव के विधान को पूरा किया। इसके बाद श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को भी हर साल की तरह परंपरा के तहत मनाते हुए भगवान फूलों से सजाए गए पालने में झुलाते हुए पूजा-आरती की गई। वहीं दूसरी तरफ जन्मोत्सव को भक्तिमय माहौल देने के लिए इस बार भी स्थानीय भजन गायकों की टोली मंदिर परिसर में संगीतमय प्रस्तुति दे रही थी। इसमें आसपास के लोग परिवार के साथ शामिल होने के लिए पहुंचे थे। जन्मोत्सव के बाद विधि-विधान से पूजा-आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके चलते देर रात तक मंदिर में भक्तों की भीड़ रही।


श्री गोपाल मंदिर

### घंटा बाजा के बीच भजन प्रस्तुति

50 से ज्यादा सदस्यों वाली जितनी टोलियां मटकी फोड़ने का प्रयास करेंगी, उन्हें 11000 रुपए प्रोत्साहन राशि समिति द्वारा दी जाएगी। शेष गोविंदा टोलियों को सांत्वना राशि 11,000 रुपए दी जाएगी। यह प्रतियोगिता पूरी तरह से निशुल्क एवं धार्मिक माहौल में होगी। यह दही-हांडी उत्सव प्रतियोगिता का 15वां वर्ष है। इसमें शिव भजन गायक बाबा हंसराज रघुवंशी एवं प्रदेश की प्रसिद्ध गायिका गरिमा व स्वर्णा दिवाकर बहनों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। ओडिशा के कलाकारों द्वारा घंटा बाजा का प्रदर्शन भी किया जाएगा। वृंदावन की तरह कृष्ण लीला की झांकी इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र होगी।







### 40-50 फीट ऊंचाई का अभ्यास

टिकारापारा के सोनझरा मोहल्ले में अभ्यास का दौर सोमवार तक चलता रहा। जय मां शीतला सोनझरा समिति दही हांडी लूट टोली के अध्यक्ष मन्नु मंडावी के अगुवाई में दोनों ही टोली के सदस्य किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए विगत 6 दिनों से अभ्यास कर रही है। शंकर गोटे ने बताया कि इस बार पुरुषों की टोली ने 40-50 फीट की ऊंचाई को और महिलाओं की टोली ने 35 फीट की ऊंचाई पर लटकाई जाने वाली दही हांडी लूटने का लक्ष्य रखा है।

## कैंपस लाइव

# शिक्षा व उद्योगों के मध्य खाई पाटने की कोशिश करें संस्थान



रायपुर। एनआईटी के बायोमेडिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा बायोसिग्नल पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। "रियल टाइम हैंड्सऑन इन बायोसिग्नल एक्यूजिशन एंड प्रोसेसिंग यूजिंग एडवांस्ड एआई एंड एमएल टूल्स" विषय पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को बायो-सिग्नल प्रोसेसिंग में लागू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्रों में अत्याधुनिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करना रहा। कार्यशाला नेशनल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित की गई थी। निदेशक डॉ.एनवी रमना राव ने स्वास्थ्य सेवा प्रौद्योगिकियों और बायो-सिग्नल प्रोसेसिंग में क्रांति लाने में एआई की भूमिकाएं बताई।

### नैतिक विचारों को ध्यान रखकर करें एआई का प्रयोग

विशेषज्ञों ने नैतिक विचारों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में तकनीकी इस्तेमाल किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को नवीनतम उपकरणों और पद्धतियों से लैस करने में इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से मदद मिलती है। शिक्षक जब नवीन तकनीकों से परिचित रहते हैं तो इसका फायदा छात्रों को भी मिलता है। शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने के लिए निरंतर सीखने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतिभागी छात्रों के लिए बायो-सिग्नल अधिग्रहण, प्रसंस्करण तकनीकों और उपकरणों के अनुप्रयोग पर केंद्रित सत्रों भी रखे जाएंगे।

## सिटी लाइव

# 25 साल बाद कॉलेज पहुंचे छात्र पुरानी यादों ने लाई चेहरे पर चमक



रायपुर। 25 साल बाद जब छात्र अपने कॉलेज कैंपस में दोबारा पहुंचे तो पुराने दोस्तों संग मिलकर कॉलेज के दिनों की यादें ताजा हो गईं। मौका था महंत कॉलेज में आयोजित एल्यूमिनी मीट का। महाविद्यालय में स्थापना वर्ष 1997 से लेकर 2023 तक के 500 से अधिक छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में पहुंचे और अपनी स्मृतियों के अंश में मौजूद कॉलेज से जुड़ी यादों को ताजा किया और एक बार फिर कॉलेज के दिन में पहुंच गए। पुराने दिनों को ताजा करने के साथ ही छात्रों ने वर्तमान उपलब्धियां भी साझा की।

### शिक्षक व छात्रों के मध्य समझ जरूरी

कॉलेज के संस्थापक छात्र प्रलय वंडरकर ने कहा कि शिक्षकों और छात्रों के बीच अच्छी अंडरस्टैंडिंग व्यक्तित्व निर्माण के लिए बेहद आवश्यक है। पुलिस विभाग में पदस्थ महेश बंजारे ने कहा कि पुरानी यादें दोबारा ताजा हो गईं। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत विभाग में पदस्थ पूर्व छात्रा संजना शर्मा ने कहा कि स्कूल से पढ़ाई कर कॉलेज पहुंचने पर कई सपने होते हैं, जिन्हें साकार करने में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय के वर्तमान प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि हर छात्र में शिक्षकों को उनके अपने बच्चे दिखाई पड़ते हैं, इसीलिए परवरिश में किसी तरह की कमी नहीं रखी जाती है।

## समाज इवेंट

# रेटीना की जटिल बीमारियों में आधुनिक मशीनें कारगर



रायपुर। एमजीएम नेत्र संस्थान में विट्रो रेटीना सर्विसेज विषय पर प्रयोगशाला का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के रेटीना विशेषज्ञ डॉ.अनिल गांगवे ने एमजीएम नेत्र संस्थान में उपलब्ध उच्च स्तरीय रेटीना मशीन जैसे ओसीटी एंजियोग्राफी, फ्लोरोसेंट एंजियोग्राफी, ईआरजी, अल्ट्रासाउंड बी-स्कैन एवं इनडायरेक्ट ऑफ्थल्मोस्कोपी के बारे में विस्तार से बताया। इनके उपयोग बताने के साथ ही इसके एडवांस फीचर्स भी बताए गए। प्रयोगशाला में इन मशीनों का व्यवहारिक ज्ञान भी दिया गया। किस तरह की बीमारी में कौन सी मशीन कारगर हो सकती है, इसके विषय में चर्चा हुई।

### सही उपचार से बच सकती है आंखों की रोशनी

संस्थान की डायरेक्टर डॉ.दीपशिखा अग्रवाल ने बताया, ऑल इंडिया ऑप्थॉल्मोलॉजी सोसायटी के सहयोग से इस प्रयोगशाला का आयोजन किया गया। प्रयोगशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि इन मशीनों के माध्यम से रेटीना की जटिल बीमारियों के बारे में समय पर पता लगाकर सही उपचार करके आंखों रोशनी को बचाया जा सकता है। इस प्रयोगशाला में 50 नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया। संयोजन संस्थान के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ.सम्राट चटर्जी ने किया। नेत्र विशेषज्ञों ने आधुनिक तकनीकों और मशीनों के विषय में अपने अनुभव भी साझा किए।

---

● संस्कृति विभाग ने 5 सालों में स्कैन किए एक लाख से भी अधिक पुराने पत्र व दस्तावेज

# 117 साल पुराने मुगल व राजपूतों के अभिलेख सुरक्षित 6 राज्यों से मंगाए छग से जुड़े ब्रिटिशकालीन दस्तावेज


**भविष्य में इतिहास की पहचान अतीत के दस्तावेज से होगी। छत्तीसगढ़ भी इस दौड़ में अन्य राज्यों की तरह आगे चल रहा है। दस्तावेज को संरक्षित करने का कार्य संस्कृति विभाग बीते पांच सालों से कर रहा है। 6 लाख से अधिक दस्तावेज में एक लाख से अधिक महत्वपूर्ण दस्तावेज को स्कैन कर सहेज लिया गया है। विभाग ने छत्तीसगढ़ के राजवंशों व रियासतों से मुगल शासन और राजपूताना के बीच हुए अहम समझौते के साथ पत्राचार, विनिमय से जुड़े ऐतिहासिक दस्तावेज को एकत्र करने देश के विभिन्न राज्यों की मदद ली है।**

रायपुर। संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने बताया कि हमने 117 साल पुराने अर्थात सन 1847 के दौरान रियासतों के अभिलेख को विशेषज्ञों द्वारा संग्रहित किया है। मुगल साम्राज्य की कहानियां अक्सर लोग किताबों में पढ़ते हैं, लेकिन एक समय में उनका संबंध भी छत्तीसगढ़ के राजवंशों से जुड़ा हुआ था, जिसका प्रमाण स्कैन किए दस्तावेज बताते हैं। पुरातत्व विशेषज्ञों के मुताबिक, मध्यप्रदेश से आठवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कोसल की राजधानी के राजा से जुड़े अभिलेखक को एकत्रित किया गया है। यह प्राचीन धरोहर में से एक है।




### राज्यों के समझौतों से जुड़े अहम दस्तावेज

1 लाख से अधिक स्कैन किए गए दस्तावेज में राजाओं और ब्रिटिश शासन से जुड़े पत्र अधिक है। विभाग के मुताबिक, मुगल व राजपूताना साम्राज्य के बाद छत्तीसगढ़ के राजाओं के दस्तावेज मौजूद हैं, जो लगभग सन-1901 के होंगे। एक राज्य का दूसरे राज्य के लिए पानी और नदी के लिए समझौता हुए दस्वावेज विभाग के पास है। स्कैन हुए दस्तावेज के मुताबिक 1952 में रायगढ़, सारंगढ़, जशपुर और बस्तर समेत कांकेर, सरगुजा और राजनांदगांव व कवर्धा राज्य हुआ करता था। सभी राज्यों की पहचान झंडे से होती थी। कांकेर के झंडे का प्रतीक चिन्ह श्री हनुमान भगवान का पर्वत उठाते हुए चित्र पाया गया है। बस्तर राज्य के झंडे में अंगा देवता का प्रतीक चिन्ह है। जशपुर के झंडे में शेर का चित्र बना हुआ करता था।



### भोपाल, दिल्ली और जयपुर से मंगाया दस्तावेज

विभाग ने भोपाल और दिल्ली समेत जोधपुर, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से संग्रहालयों से छत्तीसगढ़ से जुड़े प्राचीन दस्तावेजों को मंगाया है। राजाओं से जुड़े पत्र जोधपुर, राजस्थान से अधिक प्राप्त हुए हैं। जहां राजाओं का साम्राज्य था, उन जगहों के पुराने पत्रों की जांचकर स्कैन किया गया है। विभाग के मुताबिक दस्तावेज की लिपि के अनुसार जांच करने में काफी समय लगता है। पांच सालों में प्रत्येक महीने में 500 से अधिक पत्रों का अध्ययन किया जाता था। विभिन्न राज्यों के ऑनलाइन वेबसाइट में मौदूज दस्तावेजों से भी प्राचीन पत्रों को एकत्र किया गया है।



100 साल पुरानी छत्तीसगढ़ की तस्वीर

विभाग ने महात्मा गांधी के छत्तीसगढ़ दौरे के दुर्लभ दस्तावेजों को भी स्कैन किया है। इस दौरान की दुर्लभ तस्वीरों को भी सहेजकर रखा गया है। छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान धमतरी, बिलासपुर और नवापारा राजिम के अलावा बलौदाबाजार, भाटापारा में हुई महात्मा गांधी की गतिविधियों के पत्र और तस्वीर स्कैन किए जा चुके हैं। देश के प्रथम भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी 1949 में राजकुमार कॉलेज में आयोजित कला व संगीत प्रदर्शनी में शामिल हुए थे। इसके भी दस्तावेज देखने को मिलेंगे। आजादी के पहले रायपुर का रेलवे स्टेशन, सप्रे स्कूल, जयस्तंभ चौक के अलावा ब्रिटिश शासन के दस्तावेज की दुर्लभ तस्वीर सहेजी जा चुकी है।

---

# सांप विषैला हो अथवा नहीं, उससे भय होता है यही डर जीवन में पाप कर्म के प्रति आवश्यक

**खुद आंकलन करें कि कौन सी स्थिति आपको देती है आनंद**

रायपुर। श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास की प्रवचनमाला में पाप भीरुता गुण पर व्याख्यान जारी है। मुनिश्री प्रियदर्शी ने सोमवार को भक्तों से पूछा कि जीवन के अंदर पाप कम नहीं हो रहा है, इसका क्या कारण है? जीवन के अंदर पाप को तोड़ने के लिए जीव जब तक पाप का सॉफ्ट कॉर्नर नहीं तोड़ेगा, तब तक उसे जीवन के अंदर सुख की प्राप्ति नहीं होगी। आप अपना आंकलन खुद करो। कौन सी ऐसी स्थिति है जो हमको आनंदित करती है? इसी चीज पर ध्यान देना है कि संसार के अंदर हमको क्या आनंदित करती है और क्या चीज के कारण मन में पश्चाताप होता है।



### धर्म से ही संभव है प्रत्येक वस्तु की प्राप्ति

मुनिश्री ने इसके कहा कि संसार के अंदर हर एक चीज हमको चाहिए, लेकिन हर एक चीज की प्राप्ति के लिए परमात्मा ने कहा है कि धर्म करो। धर्म ही आपके जीवन को सिद्धशीला तक पहुंचाने की सीढ़ी है। यह जानो और समझो कि शरीर के अंदर जो शक्ति हमें मिली है उसका कारण क्या है? कार्य एवं कारण दो चीज होती है। जैसे पेड़ में आम दिख रहा है तो यह ऐसे ही नहीं उग गया होगा। उसके उगने का भी कारण होता है, प्रक्रिया होती है। जीवन के अंदर जो भी सुख मिला है, वह धर्म से मिला है। जो भी दुख का उदय हुआ है वह पाप से हुआ है।

### धर्म नहीं फिल्म में रमता है मन

जैसे आपने सामूहिक सामायिक करने के लिए अपना नाम लिखवाया और उस समय आपको आपका मित्र फिल्म चलने के लिए टिकट देता है तो आपका ध्यान फिल्म की ओर जाता है। इससे पता चलता है कि हमारा सॉफ्ट कॉर्नर धर्म के प्रति है या पाप के प्रति है। शांति सूरीजी महाराज ने कहा है कि पाप को तोड़ने की बात बहुत बाद में है, पाप को दूर करने की बात बहुत बाद में है, पहले जीवन के अंदर पाप भीरुता का गुण होना चाहिए। जैसे सांप का डर होता है, चाहे सांप विषैला हो या नहीं हो। वैसे ही जीवन के अंदर पाप का डर होना चाहिए। पाप का डर बैठा होने के कारण मानव पाप करने से डरेगा। इसलिए पाप भीरुता गुण जीवन के अंदर लाओ तो धर्म का प्रवेश होगा।



# महिला वकीलों का दिखा अलग अंदाज, थिरकीं सावन गीतों पर

रायपुर। जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जिला न्यायालय परिसर में महिला अधिवक्ताओं एवं महिला न्यायाधीशों की उपस्थिति में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला न्यायाधीश एवं महिला अधिवक्ता शामिल हुईं। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गीत और संगीत के साथ ही सावन के झूलों का सभी ने आनंद लिया। वकालत की व्यस्तता और तनाव भरे जीवन से इतर सुकून के पल बिताए। महिलाएं सावन गीतों पर थिरकतीं नजर आईं। कार्यक्रम में विशेष रूप से कुटुंब न्यायालय रायपुर के प्रधान न्यायाधीश हेमंत सराफ और जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला न्यायाधीश वंदना देवांगन, मोहिनी कंवर, विभा पांडेय, छाया सिंह, गायत्री साहू, सावित्री नायक सहित बड़ी संख्या में महिला न्यायाधीश एवं महिला अधिवक्ता उपस्थित रहीं।

### मिस सावन सुंदरी बनीं मानसी

जिला अधिवक्ता संघ का सावन महोत्सव

इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष अधिवक्ता रितु बुंदेला ने कहा कि सावन का पावन माह प्रकृति का दिया हुआ एक अनमोल उपहार है, जो हमें पवित्र प्रकृति से जोड़कर मन और मस्तिष्क को एक अलग सुकून देता है। हम अधिवक्ता कोर्ट और घरेलू कार्य में व्यस्त हो जाते हैं, सहकर्मियों के साथ मिल-जुल नहीं पाते, लेकिन सावन का महीना हम सभी के लिए एक अलग ही बहार लेकर आता है। कार्यक्रम में मिस सावन का प्रथम स्थान अधिवक्ता मानसी, द्वितीय स्थान अधिवक्ता प्रियंका देशमुख तथा तृतीय स्थान अधिवक्ता विशाला शुक्ला को मिला। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अधिवक्ता किशोर ताम्रकार ने किया।

---

दिव्यांग छात्रों को विशेष सुविधाएं प्रदान किए जाने पर ही मिलेगी स्कूलों को संबद्धता

# विद्यालयों के मुख्य प्रवेश द्वार होंगे 1500-1800 मिमी चौड़े, ताकि दिव्यांग विद्यार्थियों को उठानी ना पड़े दिक्कतें

कार्नर न्यूज

रायपुर। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजूकेशन ने स्कूलों में विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए गाइडलाइन में बदलाव किया है। संशोधित गाइडलाइन कहा गया है कि स्कूलों को संबद्धता प्राप्त करते समय विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए सभी व्यवस्थाएं करनी होंगी। इसके बाद ही उन्हें संबद्धता प्रदान की जाएगी। इसके अंतर्गत रैंप, लिफ्ट, नॉर्मल टॉयलेट, सुलभ शौचालय, वॉश बेसिन और इंडियन स्क्वाटिंग सीट आदि के बारे में निर्देश दिए गए हैं। सीबीएसई ने गाइडलान में संशोधन का कारण भी बताया है। बोर्ड का कहना है कि उन्हें स्कूलों से लिखित अनुरोध मिल रहे हैं। विभिन्न मंचों पर चर्चा के दौरान स्कूलों में पढ़ने वाले विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए गाइडलाइन को अनुकूल बनाने के लिए सुझाव मिले हैं। आवश्यकताओं और सुझावों के आधार पर ये बदलाव किए गए हैं। बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों और बोर्ड से संबद्धता चाहने वाले स्कूलों को संशोधित दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है।

### जरूरी है रैंप

सीबीएसई की नई गाइडलाइन के अनुसार, समान शैक्षणिक अवसर प्रदान करने के लिए विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए कक्षा तक बाधा रहित पहुंचने के लिए स्कूल के भूतल पर एक उचित रैंप का निर्माण अनिवार्य रूप से किया जाना चाहिए। व्हीलचेयर या वॉकर की आवाजाही के लिए पर्याप्त जगह के साथ लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय भूतल पर या किसी अन्य मंजिल पर बनाए रखा जाना चाहिए, जिससे दिव्यांग छात्रों को परेशानी ना हो। संबद्धता के लिए आवेदन करने के दौरान सीबीएसई को इस सुविधा का जिक्र करना होगा।

### प्रायोगिक कार्यों में भी देनी होगी सुविधा

उपरोक्त सुविधाओं के अलावा आयोजित की जाने वाली सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक परीक्षाओं में भी दिव्यांग छात्रों की सुविधाओं का विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। छात्रों के लिए जिस तल पर प्रायोगिक कार्य आयोजित किए जाएंगे, वहां उनके लिए सभी तरह की व्यवस्था की जाएंगी, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी परीक्षा के दौरान ना हो। सीबीएसई नए नियमों के माध्यम से यह सुनिश्चित करना चाहता है कि दिव्यांग छात्रों को भी सामान्य छात्रों की तरह समान अवसर प्राप्त हो सके।

### तय की गई दरवाजों की चौड़ाई

इसके अलावा गेट से स्कूल की इमारतों, खेल के मैदान और शौचालय तक का रास्ता साफ, दृढ़ और समतल होने की बात कही गई है। स्कूल भवनों में मुख्य प्रवेश द्वार और दरवाजे 1500-1800 मिमी चौड़े होने चाहिए। कक्षाओं, शौचालयों, प्रयोगशालाओं आदि में कम से कम 900 मिमी की चौड़ाई वाला दरवाजा होना चाहिए। वॉक-वे में लटकी हुई खिड़कियां, लाइटें, छोटी शाखाएं, गमले, साइनपोस्ट आदि नहीं होनी चाहिए।

### शिक्षकों और प्रधान पाठकों को 50 घंटे का प्रशिक्षण

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सिफारिशों के अनुरूप अपने शिक्षकों को सशक्त बनाने के लिए एक कदम उठाया है, जिसमें सभी शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के लिए 50 घंटे का निरंतर व्यावसायिक विकास अनिवार्य है। सीबीएसई अब कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान के साथ मिलकर 2 दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम आयोजित करेगा। शैक्षिक गुणवत्ता और प्रशिक्षण मानकों को बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है। सीबीएसई लगभग 15,000 व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने की योजना बना रहा है। ये प्रशिक्षित व्यक्ति सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में 1.3 मिलियन शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

ज्योतिष

# 365 दिन बाद गुरु ग्रह के कुबेर योग से 3 राशियां होंगी मालामाल



ज्योतिष के अनुसार, देवगुरु बृहस्पति साल 2025 तक अपनी उच्च राशि में रहकर इन राशियों पर विशेष कृपा बरसेगी और हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। माना जाता है कि राजयोग व्यक्ति को धन और सुख-सौभाग्य प्राप्त होता है। ज्योतिष के अनुसार, ग्रहों के राशि परिवर्तनऔर नक्षत्र परिवर्तन के संयोग से कुंडली में कई राजयोग बनते हैं। माना जाता है कि राजयोग व्यक्ति को धन और सुख-सौभाग्य प्राप्त होता है। ऐसे में व्यक्ति को किसी चीज की कमी नहीं होती है। हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होती है। समाज में पद-प्रतिष्ठा में प्राप्त होती है। आइए जानते हैं किन राशियों की खुलने वाली है किस्मत।

**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए कुबेर योग काफी शुभ होगा। ऐसे में समाज में आपका नाम रौशन होगा। समाज में खूब मान-सम्मान प्राप्त होगा। आय के नए सोर्स बनेंगे। धन-धान्य का भंडार भरेगा। भौतिक सुख-सुविधाएं मिलेंगी। किसी भी चीज की कमी जीवन में नहीं होगी। लोकप्रियता बढ़ेगी। जीवन में खुशहाली आएगी।

**कर्क राशि :** कर्क राशि वालों के लिए कुबेर योग काफी फलने वाला है। नौकरी-व्यवसाय में जबरदस्त लाभ होगा। धन बचत के कई मौके मिलेंगे। विदेश यात्रा के योग बनेंगे। समाज में आपकी काफी तारीफ हो सकती है। आपके सभी सपने साकर होंगे। लग्जरी लाइफस्टाइल एन्जॉय करेंगे। आध्यात्मिक कार्यों में दिलचस्पी बढ़ेगी। गुरु उच्च राशि में रहकर आपको अकूत धन-संपत्ति के मालिक बन सकते हैं।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों की किस्मत चमकने वाली है। हर कार्य में भाग्य का साथ मिलेगा। समाज में अलग पहचान मिलेंगी। करियर में बड़ी कामयाबी मिलेगी। कुबेर योग आपको अलग-अलग स्त्रोतों से धन प्राप्त कराएगा। जीवन में सुख-सुविधाएं भरपूर मिलेंगी। मेहनत करने से फल मिलेगा। पैसा कमाने से हुनर आ जाएगा। राजा जैसा जीवन गुजारेंगे।

# राहु-केतु की उल्टी चाल इन राशियों को कर देगी मालामाल



मायावी ग्रह राहु-केतु हमेशा उल्टी चाल में ही गोचर करते रहते हैं। राहु-केतु की शुभ दृष्टि से व्यक्ति की किस्मत चमक जाती है। ये दोनों ग्रह जब किसी जातक की कुंडली में होते हैं तकलीफों का कारण बन जाते हैं। वहीं, इनके शुभ होने पर सुख-संपदा में वृद्धि, कारोबार में तरक्की और जीवन में खुशियां रहती हैं। ज्योतिष के अनुसार, राहु-केतु अगले 9 महीने तक राशि परिवर्तन नहीं करेंगे। वहीं, इन दोनों ग्रहों की चाल 2025 तक कुछ राशियों के वरदान साबित होगी। ऐसे में केतु-राहु का गोचर कुछ राशियों के लिए चमत्कार से कम नहीं है। इन 4 राशियों की खुलने वाली है किस्मत। आइए जानते हैं कौन हैं ये 4 राशियां।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि वालों के लिए राहु और केतु का गोचर लाभदायक होगा। पारिवारिक समस्या धीरे-धीरे खत्म होने लगेगी। नौकरी के मामले में कलीग्स का सपोर्ट मिल सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वालों छात्रों को शुभ समाचार प्राप्त होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों को करियर में कई मौके प्राप्त होंगे, जो आपके ग्रोथ में मदद करेंगे। व्यवसाय में लोगों को आर्थिक दिक्कतें दूर होंगी। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। वहीं, संतान पक्ष भी मजबूत रहने वाला है।

**धनु राशि :** धनु राशि के लोगों के लिए राहु केतु का यह गोचर फायदेमंद साबित होगा। आर्थिक रुप से मजबूत रहेंगे। जीवन की तमाम मुश्किलें दूर होंगी और जीवनसाथी का साथ आपको मिलेगा। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। व्यवसाय करने वाले को धन के मामले में कोई शुभ समाचार मिलेगा।

**मेष राशि :** मेष राशि के जातको के लिए राहु-केतु का गोचर शुभ साबित होगा। आपके जीवन में चल रही सभी समस्याएं दूर हो जाएंगी। जीवन में कुछ बदलाव हो सकते हैं, जो काफी पॉजिटिव रहने वाले हैं। परिवार और जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। कहीं घूमने का प्लान बन सकता है।

## बारिश और ठंड के दिनों में बढ़ने लगती है हाथ पैरों में दर्द और ऐंठन की समस्या

# हाथ-पैरों में दर्द और ऐंठन बनी रहती है, कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर चीजों का करें सेवन

शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी होने से हाथ पैरों में दर्द और ऐंठन की समस्या बनी रहती है। ऐसे में खाने में इन दोनों विटामिन से भरपूर चीजें शामिल करें। जानिए हाथ-पैरों के दर्द को दूर करने के लिए क्या खाएं? बारिश और ठंड के दिनों में हाथ पैरों में दर्द और ऐंठन की समस्या बढ़ने लगती है। मौसम में नमी और ठंड गठिया के दर्द को भी बढ़ाते हैं। हालांकि कई बार शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी होने पर भी दर्द तेज हो जाता है। कैल्शियम और विटामिन डी की कमी से हड्डियों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। कई बार ये दर्द इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि काम करना और रात में सोना भी मुश्किल हो जाता है।



### फल और संतरा

संतरा भी काफी ज्यादा कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। इसलिए डाइट में रोजाना 1-2 संतरे जरूर शामिल करें। इसके अलावा दूसरे फलों के जूस भी फायदा करते हैं। जूस पीने से शरीर को ताकत मिलेगी और हड्डियां भी मजबूत होंगी।



### हरी पत्तेदार सब्जियां

खाने में हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। इनसे शरीर को कैल्शियम, आयरन और विटामिन डी जैसे जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। हड्डियों में दर्द की समस्या दूर होगी और शरीर को स्वस्थ रखने में भी मदद मिलेगी।

### विटामिन डी और कैल्शियम से भरपूर आहार

दूध और दूसरे डेयरी उत्पाद- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए दूध को अच्छा माना जाता है। दूध में भरपूर मात्रा में कैल्शियम और विटामिन डी पाया जाता है। खासतौर से गाय के दूध में विटामिन डी की मात्रा ज्यादा होती है। आप डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर और चीज का भी उपयोग कर सकते हैं। इससे शरीर में विटामिन डी और कैल्शियम की कमी पूरी होगी।

### सोयाबीन और अनाज

खाने में सोयाबीन से बने उत्पाद और साबुत अनाज की मात्रा बढ़ा दें। शाकाहारी लोगों के लिए ये दोनों चीजें कैल्शियम और विटामिन डी से भरपूर मानी जाती हैं। इसके अलावा ड्राईफ्रूट्स और सीड्स भी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

### अंडा

खाने में अंडा जरूर शामिल करें। अंडे में भरपूर प्रोटीन, विटामिन बी12, कैल्शियम और विटामिन डी भी पाया जाता है। आपकी ओवरऑल हेल्थ के लिए भी अंडा फायदेमंद साबित होता है। आप डेली 1-2 अंडा खा सकते हैं। इससे शरीर के दर्द में काफी राहत मिलेगी।

# बदलते मौसम में पड़ रहे बीमार, तो खाएं ये चीजें, इम्यूनिटी होगी बूस्ट

मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है। बरसाती मौसम में सेहत का ख्याल रखना जरूरी है। इस मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार होना लाजमी है। ऐसे में शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट करने की जरूरत होती है। इसके लिए खान-पान में खास ध्यान देने की जरूरत है। कुछ जरूरी चीजें ऐसी हैं जिसे खाकर आपकी इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है

### दाल, अरबी, भिंडी, तुरई, लौकी का करें सेवन

- दाल खाने से इम्यूनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। इसमें भरपूर फाइबर और प्रोटीन होता है। इसमें विटामिन ए, बी, सी, ई सहित पोटैशियम, आयरन, कैल्शियम की प्रचुर मात्रा होती है। बरसात में अरबी, भिंड्डी के अलावा तुरई, लौकी और टिंडा खाना चाहिए। इन सब्जियों को खाने से पाचन बेहतर होता है। यह पौष्टिक गुणों से भरपूर होता है।

### नीबू- आंवला, शहद, अदरक बेहद लाभदायक

आंवला-नीबू में विटामिन सी की मात्रा होती है, जो बीमारियों से लड़ने की क्षमता देते हैं। इसे खाने से हड्डियां मजबूत होती हैं। इसके साथ ही स्किन भी साइन करती है। शहद, अदरक, तुलसी के पत्ते में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा भरपूर होती है। इसको खाने से भी इम्यूनिटी बूस्ट होती है।

**ड्राई फ्रूट्स :** ड्राई फ्रूट्स यानि अखरोट, बादाम, काजू, किशमिश आदि खाने से



इम्यूनिटी बढ़ती है। ड्राई फ्रूट्स में पोटेशियम और फाइबर भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हमारे ब्लड प्रेशर को नियंत्रित और दिल को स्वस्थ रखने के काम आते हैं। सूखे मेवे खाने से शरीर स्वस्थ रहता है।

### मौसमी फल पौष्टिकता से भरपूर

डॉक्टर सीजनल फल खाने की सलाह देते हैं. आप सेब, पपीता, केला, अनार जैसे फलों को खा सकते हैं। फ्रीज में या खुले में काटकर रखे फल नहीं खाने चाहिए क्योंकि बरसात में बैक्टिरिया पनपता है। इससे बीमारी हो सकती है। इसके अलावा आंवला, मौसमी, अमरूद जैसे फलों में पोटेशियम और फाइबर की भरपूर मात्रा होती है। जिनमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता है।

# पोंछा लगाते समय पानी में मिला दें ये चीजें घर से गायब हो जाएंगे चीटियां और कॉकरोच

फर्श की सफाई करना इतना भी मुश्किल नहीं होता है लेकिन कई बार अच्छे से सफाई करने के बाद भी घर में कॉकरोच और चीटियां रेंगते नजर आते हैं। हालांकि अगर आपके घर में छोटा बच्चा है, तो घर की फर्श पर चीटियों का चलना आम बात है क्योंकि बच्चे खाने के चीजें घर में यहां-वहां गिराते रहते हैं। अगर आपके घर में बच्चे नहीं हैं और इसके बाद भी घर की फर्श पर चीटियां और कॉकरोच नजर आते हैं, तो हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको आप पोंछा के पानी में मिलाकर लगाते हैं, तो बच्चों के यहां-वहां खाना गिराने के बाद भी फर्श पर चीटियां और कॉकरोच नहीं नजर आएंगे।



**काली मिर्च पाउडर :** आपको बता दें कि चीटियों को काली मिर्च की महक पसंद नहीं होती है। ऐसे में अगर आप किसी कोने पर चीटियों को देखते हैं और उस जगह पर काली मिर्च पाउडर डालते हैं, तो वहां से चीटियां भागने लगती हैं। अगर आप पानी के पोंछे में काली मिर्च पाउडर मिलाकर पोंछा लगाती हैं, तो इसकी महक से चीटियां और कॉकरोच नहीं आएंगे।

**डिटॉल :** इसके अलावा चीटियों और कॉकरोच को डिटॉल की महक भी पसंद नहीं होती है। इसलिए रोजाना पोछा लगाने से पहले पानी में एक ढक्कन डिटॉल मिलाकर पोछा लगाने से न सिर्फ चीटियां और कॉकरोच बल्कि कीटाणू भी घर से दूर रहेंगे। वहीं अगर आपके घर में छोटे बच्चे हैं, तो आपको पानी में डिटॉल डालकर पोंछा जरूर लगाना चाहिए।

**नमक और नींबू :** चीटियों और कॉकरोच से छुटकारा पाने के लिए आप 1 कप पानी में नींबू का रस और नमक मिलाकर कर स्प्रे बना लें। फिर पोछा लगाने के बाद इस स्प्रे को घर की दीवारों और दरवाजों के किनारों पर मार दें। चीटियां और कॉकरोच इन्हीं जगहों से निकलते हैं। ऐसे में यह स्प्रे करने से चीटियां और कॉकरोच बाहर नहीं आएंगे।

**बेकिंग सोडा और सिरका :** पोछा लगाने से पहले पानी में 1 चम्मच सिरका और उतनी ही बेकिंग सोडा मिला लें। फिर इस पोछे वाले पानी में बर्तन धोने वाला कोई लिक्विड मिलाकर पोछा लगाएं। इससे भी आपके घर में चीटियां और कॉकरोच नहीं आएंगे।




# विटामिन बी12 की कमी से शरीर ही नहीं, दिमाग भी कमजोर हो जाता है

अगर शरीर को जरुरी पोषक तत्व न मिले तो शरीर एकदम से सुखने लगता है। विटामिन बी12 हमारी बॉडी के लिए आवश्यक पोषक तत्व है, जो शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक हेल्थ के लिए भी आवश्यक है। अगर आपके शरीर मे विटामिन बी12 कमी हुई तो यह नर्वस सिस्टम और ब्रेन फंक्शन में गिरावट हो सकती है जिसके चलते आपको कमजोरी, थकान, मेमोरी लॉस और डिप्रेशन जैसे लक्षण उत्पन्न हो सकते हैं। विटामिन बी12 की कमी का खतरा सबसे ज्यादा शाकाहारी होता है। वो इसलिए यह विटामिन आमतौर पर पशु के उत्पादों में पाया जाता है। लेकिन आप शाकाहारी फूड्स का सेवन करने से विटामिन बी12 की कमी से बच सकते हैं।

### क्या काम करता है विटामिन-12

विटामिन बी12 शरीर के लिए सबसे जरुरी पोषक तत्व है। विटामिन बी 12 शरीर में कई मुख्य कार्य करता है जैसे कि रेड ब्लड सेल्स का निर्माण, नर्वस सिस्टम को हेल्दी रखना और डीएनए का निर्माण करने में मदद। आइए जानते हैं विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए किन फूड्स का सेवन करना चाहिए।

### दूध और दूध से बनीं चीजें खाएं

अगर आप रोजाना दूध का सेवन करते हैं और इसके विभिन्न चीजें जैसे दही, पनीर और छाछ विटामिन बी12 के अच्छे स्त्रोत होते हैं। अगर आप इनका लगातर सेवन करते हैं तो आप अपने शरीर से विटामिन बी12 की कमी को पूरा कर सकते हैं।

### फोर्टिफाइड अनाज

फोर्टिफाइड अनाज वो है जिनमें एक्स्ट्रा विटामिन और मिनिरल्स होते हैं। ऐसे में अनाजों में विटामिन बी12 भी शामिल होता है। मार्केट में कई सारे प्रोडक्ट उपलब्ध है जिनमें फोर्टिफाइड अनाज विटामिन बी12 से रिच होते हैं और जो लोग शाकाहारी है उनके लिए सबसे बेहतर ऑप्शन है। रोजाना आप नाशते में फोर्टिफाइड अनाज का सेवन कर सकते हैं।



### सोया प्रोडक्ट्स

दरअसल, सोया दूध और टोफू में विटामिन बी12 के अच्छे सोर्स पाए जाते है। जो लोग शाकाहारी और वेगन है उनके लिए सोया प्रोडक्ट्स सबसे बेहतर विकल्प है। सोया से बने हुए उत्पादों का सेवन करने से शरीर में विटामिन बी12 की कमी दूर किया जा सकता है।

### न्यूट्रिशनल यीस्ट

बता दें कि, न्यूट्रिशनल यीस्ट एक फूड सप्लिमेंट है, इसका सेवन करने से विटामिन बी12 की कमी को दूर किया जाता है। यह स्वाद में एकदम चीज जैसा होता है। इसे आप सलाद , पास्ता या अन्य व्यंजनों में मिलाकर खाया जा सकता है। सलाद पास्ता में आप न्यूट्रिशनल यीस्ट का मिलाकर आराम से खा सकते हैं। इसके सेवन से कभी भी विटामिन बी12 की कमी नहीं होगी।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

INFOROB Believe in innovation
Learn Today, Lead Tomorrow-Your Future Star
Join our Technological Certified Courses
• Python • Artificial Intelligence • Robotics
• Block Coding • Web Design • Game Design
Admission Open Limited Seats Age Group 5 years and above.
Our Other Services :
• 1 Year internship for Diploma/ degree students
• Certificate Courses for Robotics and AI
• Summer & Winter Camp Workshop on Robotics
D 105, Guru Ghasidas Society, Priyadarshini Nagar, New Rajendra Nagar, Raipur, Chhattisgarh 492001
8721906433, 9862047382 Time : 5pm to 8pm Follow us : inforob_robotics

krishna vatika
Call and Booking Now
9406026313
9981002160
Facilities
• 20000sq.ft. Lush Green Party Lawn.
• Parking Facility
Events
• Birthday party, Kitty Party, Wedding.
• Anniversary, Ring Ceremony
पता- समता परिसर के सामने लालपुर, रायपुर (छ.ग.)

Furniture'sway Modern Furniture
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

CCTV | Biometrics | Fire Safety | Video Conf. | Networking & IT Solutions | Vehicle Traking
Fire Detection | Boom Barrier Gate Automn | Audio Conf | Smart Class Set up | Walky Talky | Smart Interative Panle
SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com/+91 8435 000 880

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

सेल सेल
चादरों (डबल बेड) सेल
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

| MRP | | Only |
|---|---|---|
| 2199/- | चादर 9x9 सेट | 650/- |
| 1799/- | चादर फीटेट सेट | 390/- |
| 1499/- | चादर डबल सेट | 450/- |
| 999/- | चादर सेट डबल | 310/- |
| 599/- | चादर सेट डबल | 150/- |
| 620/- | चादर सेट डबल | 310/- |
| 1800/- | कमर्फटर डबल | 575/- |
| 1250/- | कमर्फटर सिंगल | 425/- |

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ‘ब्लिंक ट्वाइस’ और ‘क्रो’ पर भी भारी पड़ी ‘डेडपूल 3’



**लॉस एंजिल्स।** ह्यू जैकमैन और रेयॉन रेनॉल्ड की फिल्म ‘डेडपूल एंड वूल्वरिन’ ने पांचवे सप्ताह में भी वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया हुआ है। ये फिल्म अपनी रिलीज के पांचवे सप्ताहांत में एक बार फिर बॉक्स ऑफिस चार्च के टॉप पर लौट आई है। मार्वल के इस सुपरहीरो वाली फिल्म ने शीर्ष स्थान हासिल करते हुए बाकी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि इसे दो नई फिल्में ‘द क्रो’ और ‘ब्लिंक ट्वाइस’ से प्रतिस्पर्धा मिलनी थी, जो अपने पहले प्रदर्शन में असफल साबित हुए। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर निर्देशक जो क्राविट्ज की थ्रिलर ‘ब्लिंक ट्वाइस’ नई रिलीज फिल्मों में सबसे आगे रही। फिल्म ने 3,067 सिनेमाघरों से 7.3 मिलियन डॉलर की कमाई की। इस फिल्म ने चौथा स्थान हासिल किया। वहीं, लायंसगेट की “द क्रो” की आर-रेटेड रीबूट, जिसमें बिल स्कार्सगार्ड के किरदार को खुद और अपनी मंगेतर की मौत का बदला लेने के लिए पुनर्जीवित किया जाता है। इस फिल्म ने 2,752 सिनेमाघरों से 4.6 मिलियन डॉलर की कमाई की। ये फिल्म आठवें स्थान पर रही। ‘द क्रो’ की तुलना में ‘ब्लिंक ट्वाइस’ को आलोचकों ने ज्यादा पसंद किया।

### टॉलीवुड

## मीनू मुनीर ने सुनाई सेट पर हुए अत्याचार की खौफनाक आपबीती



**नई दिल्ली।** मॉलीवुड यानी मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं, जिसे जानकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। अब एक्ट्रेस मीनू मुनीर भी इस लिस्ट में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने फेसबुक पोस्ट के जरिए दावा किया है कि मुकेश, मनियानपिला राजू, इदावेला बाबू और जयसूर्या ने साल 2013 के एक फिल्म प्रोजेक्ट के सेट पर उनके साथ फिजिकली और वर्बली (मौखिक रूप से) दुर्व्यवहार किया था। उन्होंने इस घटना में कुछ प्रोडक्शन कंट्रोलर्स का भी नाम उजागर किया है। मीनू मुनीर ने हाल ही में फेसबुक पर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट शेयर किया है। वो लिखती हैं, ‘मैं मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में मुकेश, मनियानपिला राजू, इदावेला बाबू, जयसूर्या, एडवोकेट चंद्रशेखरन, प्रोडक्शन कंट्रोलर नोबल और विचू के हाथों शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार की कई घटनाओं की रिपोर्ट लिख रही हूं।’ एक्ट्रेस ने दावा किया, ‘साल 2013 में एक प्रोजेक्ट पर काम करते समय मुझे इन व्यक्तियों द्वारा शारीरिक और मौखिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। मैंने सहयोग करने और काम जारी रखने की कोशिश की, लेकिन दुर्व्यवहार असहनीय हो गया। इस वजह से मुझे मलयालम फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने और चेन्नई में शिफ्ट होने के लिए मजबूर होना पड़ा। मीनू मुनीर ने ये भी बताया कि उन्होंने अपने साथ हुई घटना को लेकर आवाज भी उठाई थी। वो लिखती हैं, ‘मैंने एक न्यूज पेपर के आर्टिकल में दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाई थी। अब मैं सदमे और पीड़ा के लिए न्याय और जवाबदेही की मांग कर रही हूं, जिसे मैंने सहा है।

### भोजपुरी

## पवन के साथ रोमांस करेंगी आस्था रिलीज हो रही है ‘सूर्यवंशम’



**नई दिल्ली।** पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म ‘सूर्यवंशम’ 30 अगस्त को पूरे भारत में रिलीज होने जा रही है। यशी फिल्म्स (अभय सिन्हा) और रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म को निशांत उज्जवल ने बनाया है। रिलीज का ऐलान करते हुए निर्माता निशांत उज्जवल ने दर्शकों से अपील की कि वे इस फिल्म को अपने परिवार के साथ सिनेमा घरों में जाकर देखें। उन्होंने कहा कि सिनेमा हॉल में फिल्म देखने का जो अनुभव मिलेगा, वह टीवी या यूट्यूब पर नहीं मिल सकता। उन्होंने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म का ट्रेलर पहले ही वायरल हो चुका है और अब दर्शकों के इंतजार की घडी खत्म होने वाली है। उन्होंने इसे एक बेहद खास फिल्म बताया है, जो दर्शकों को एक रोमांचक और भावनात्मक सफर पर ले जाएगी। इस फिल्म के जरिए पवन सिंह एक बार फिर से अपने फैन्स को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं। फिल्म से जुड़े सभी कलाकार और तकनीकी टीम ने इसे एक बड़ी सफलता बनाने के लिए पूरी मेहनत की है, और अब दर्शकों के हाथ में है कि वे इसे कितना पसंद करते हैं। पवन सिंह ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत फिल्म है। और हाल दे दिनों में रिलीज हुई मेरी बेहतरीन फिल्मों में से यह एक है। फिल्म के निर्देशक रजनीश मिश्रा और छोटे भाई समान निर्माता निशांत उज्जवल ने एक खूबसूरत फिल्म बनाई है। इस फिल्म में दर्शकों के मनोरंजन का पूरा ख्याल रखा गया है। गौरतलब है की फिल्म के गाने यूट्यूब में टॉप ट्रेंडिंग में शामिल हो चुके हैं। फिल्म के कई गाने दर्शकों को खूब पसंद आ रहे हैं को भारत के सभी सिंगल थिएटर में प्रदर्शित किए जाएंगे।

## ग्रीन आउटफिट्स, सिंपल एंड सोबर

लाइफ स्टाइल



महिलाओं के प्रमुख त्योहारों में से एक हरतालिका तीज 6 सितंबर को मनाया जाएगा। वैसे तो इस त्यौहार में महिलाएं व युवतियां सज-धजकर अपना जलवा बिखेरती हैं लेकिन इस दिन हरे कपड़े पहनने का चलन ज्यादा होने से वे जमकर खरीददारी कर रहीं हैं। दरअसल, हरे रंग को अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है और इसे पूजा के दौरान पहनना बहुत शुभ होता है। अगर आप अभी तक डिसाइड नहीं कर पा रहीं हैं कि आपको तीजा पर इस बार क्या पहनना है, तो आप ग्रीन आउटफिट्स पहनकर सिंपल एंड सोबर लग सकती हैं। इस बार आप तीजा पर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना की हरी साड़ी वाला लुक अपना सकती हैं। मनमोहक सुनहरे फूलों की कढ़ाई से सजी यह शानदार साड़ी आपको भी शानदार लुक दे सकती है।

## स्टाइलिश लुक पाने त्यौहारों में पहनें ऐसी साड़ियां, लगेंगी खूबसूरत


फैशन



साड़ी एक ऐसा आउटफिट है, जिसका चलन कभी आउट ऑफ फैशन नहीं होता है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन मार्केट में आपको कई तरीके के डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। आजकल लोग सेलिब्रिटीज के लुक्स को फॉलो करते हैं। वहीं इस समय त्यौहारों का समय चल रहा है। ऐसे में अगर आप भी सेलिब्रिटीज के लुक्स को फॉलो करती हैं, तो बता दें कि इन दिनों टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी के साड़ी लुक्स को बेहद पसंद किए जा रहे हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको श्वेता तिवारी द्वारा पहनी गई साड़ी के नए डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, साथ ही इनको स्टाइल करने के आसान टिप्स के बारे में भी बताएंगे।

**रेड साड़ी :** एवरग्रीन फैशन में रेड कलर को पसंद किया जाता है। रेड कलर की साड़ी आप सावन व्रत में भी पहन सकती हैं। इसक कलर की साड़ी के साथ आप ग्रीन, ब्लैक या फिर येलो कलर का स्लीवलेस ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। वहीं आप चाहें तो रेड कलर के ब्लाउज के साथ खुद को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी के साथ आपको ग्रीन कलर की ज्वैलरी कैरी करनी चाहिए।

**हैवी साड़ी :** अगर आपकी नई-नई साड़ी हुई है, तो आप सावन के मौके पर चौड़े बॉर्डर वाली हैवी साड़ी पहन सकती हैं। बता दें कि इस तरह की चौड़े बॉर्डर वर्क वाली साड़ी छोटे ब्रेस्ट साइज वालों पर बेस्ट लुक देने का काम करती है। मार्केट में आपको इस तरह की जॉर्जेट की साड़ी 3000 रुपए तक में आसानी से मिल जाएगी। इस साड़ी में आप बालों का जुड़ा बनाएं और गजरे को एक्सेसरी की तरह इस्तेमाल करें।



**मॉडर्न स्टाइल साड़ी :** आजकल मॉडर्न डिजाइन की साड़ी काफी चलन में है। इसके बॉर्डर पर बने डिजाइन और ब्लैक कलर आपके लुक को स्टाइलिश बनाएंगे। इस तरह की साड़ी के साथ आप ब्लैक कलर के टॉप या सीक्वेन ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। वहीं अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए वेस्टर्न स्टाइल ब्लैक मोती इयररिंग्स कैरी करें।

## फटे होंठों पर लगानी चाहिए इस तरह की लिपस्टिक, जानिए लिप केयर के ये टिप्स

हर महिला और लड़की को मेकअप करना बेहद पसंद होता है। हालांकि रोजाना कोई हैवी मेकअप नहीं करता है। वहीं बदलते ब्यूटी ट्रेंड में आपको कई तरह के प्रोडक्ट्स देखने को मिलते हैं। वहीं अगर हम रोजाना मेकअप नहीं भी करते हैं, तो लिपस्टिक लगाना जरूर पसंद करते हैं। मौसम बदलने या सही तरीके से लिप केयर रूटीन फॉलो नहीं करते हैं, तो आपके होंठ फटने लगते हैं। आमतौर पर होंठ फटने के कई कारण हो सकते हैं। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि फटे होंठों पर किस तरह लिपस्टिक लगानी चाहिए।

### क्यों फटते हैं होंठ

अधिकतर मौसम बदलने के कारण होंठ फटने लगते हैं। ऐसे में हमें रोजाना लिप केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। साथ ही होंठों को सही तरीके और सही मात्रा में पोषण देना चाहिए। ड्राईनेस और होंठों की त्वचा में नमी का कम होना होंठों के फटने का एकमात्र कारण हो सकता है।



### फटे होंठों की ऐसे करें देखभाल

होंठों की देखभाल करने के लिए रोजाना लिप केयर रूटीन फॉलो करना चाहिए। इसलिए आप रोजाना दिन में 3-4 बार लिप बाम लगा सकते हैं। होंठों की डेड स्किन को हटाने के लिए आप लिप स्क्रब का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। एक्स्ट्रा लिप केयर के लिए रोजाना होंठों पर रात को सोने से पहले लिप ऑयल अप्लाई कर सकती हैं।

### किस तरह लगाएं लिपस्टिक

बता दें कि फटे हुए होंठों पर लिपस्टि लगाने के लिए सबसे पहले लिप को अच्छे से मॉइस्चराइज करें। फिर किसी ऐसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करें, जिसमें पहले से ऑयल मौजूद हो। बाजार में आपको कई सारे ब्रांड्स के नारियल के तेल और विटामिन-ई एक्सट्रेक्ट वाले लिपस्टिक शेड्स मिल जाएंगे। अगर आपके होंठ फटे रहते हैं, तो आप मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल न करें, बल्कि ग्लॉसी लुक वाली लिपस्टिक का इस्तेमाल करें।

## पैरों की सुंदरता के लिए रोजाना करें बस ये काम, ऐसे करें फुट की केयर

जैसे चेहरे की सुंदरता का ख्याल रखा जाता है, ठीक वैसे ही पैरों को सुंदर रखना भी बेहद जरुरी है। इस लेख में हम आपको बताएंगे किस तरह से आप अपने पैरों की केयर कर सकते हैं। इन टिप्स को आप जरुर फॉलो करें। जिस तरह से स्किन केयर रुटीन को फॉलो करके आप सभी निखरी त्वचा पाते हैं, ठीक वैसे ही पैरों की केयर करना जरुरी है। आमतौर पर बहुत ही कम लोग अपने पैरों का ख्याल रखते हैं। पैरों की अच्छी तरह से केयर नहीं करने पर इनकी सुंदरता कम हो जाती है। अक्सर महिलाएं चेहरे को सुंदर बनाएं रखने के लिए कई महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का यूज करती हैं लेकिन पैरों की सही तरह से देखभाल नहीं करती हैं। इस वजह से पैर बदसूरत दिखने लगते हैं। आपको कुछ टिप्स जानना जरूरी है जिन्हें आप नहाने से पहले कर सकते हैं।



### पैरों को करें पेडिक्योर

पैरों की खूबसूरती बनाएं रखने के लिए पेडिक्योर जरुर करें। पैरों को पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा के डेड सेल्स निकल जाते हैं और इस तरह पैरों की त्वचा खूबसूरत नजर आएंगी।

ऐसे करें पेडिक्योर

- एक बाल्टी में गर्म पानी लें।
- पानी में शैंपू डालें।
- इसके बाद बाल्टी पैर डालें।
- 10 मिनट बाद पैरों को साफ कर लें।
- इस उपाय को आप रोजाना नहाने से पहले कर सकते हैं।

### स्क्रब का यूज करें

स्क्रब के इस्तेमाल से पैरों में जमा कालापन साफ हो जाता है और पैर सुंदर नजर आते हैं। वहीं, पैरों की सुंदरता बनाए रखने के लिए रोजाना पैरों को स्क्रब करें।

## साड़ी या सूट के साथ कैरी करें ये झुमकी डिजाइंस, मिलेगा क्लासी लुक

हर महिला को सजना-संवरना काफी ज्यादा पसंद होता है। खासकर तीज-त्योहार के मौके पर महिलाएं श्रृंगार करने में कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। त्यौहारी सीजन में महिलाएं अधिकतर रंग-बिरंगी साड़ियां या सूट पहनती हैं। जिनके साथ एक्सेसरीज कैरी करना बेहद जरूरी होता है। हम आपको झुमकी के लेटेस्ट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप हरे सूट या साड़ी के साथ कैरी कर सकती हैं।

जिससे कि अपने लुक को परफेक्ट बनाया जा सके। सूट या साड़ी के साथ आप कंट्रास्ट या मैचिंग के इयररिंग्स पहन सकती हैं।

**कुंदन झुमकी डिजाइन :** रॉयल और क्लासी लुक पाने के लिए आप हरे रंग की साड़ी या सूट के साथ कुंदन झुमकी डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। यह साड़ी



और सूट दोनों के साथ ही काफी अच्छी लगेंगी। वहीं कुंदन झुमकी लाल साड़ी के साथ भी परफेक्ट लगती हैं। कुंदन वर्क वाले इयररिंग्स थोड़ी कॉस्टली हो सकते हैं, लेकिन यह आपको एलीगेंट लुक देने का काम करेंगी। इसके साथ गले में पहनना अवॉइड करें। मार्केट में आपको कुंदन झुमकी के कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे।

**मीनाकारी झुमकी इयररिंग डिजाइन :** आपको बता दें कि इस तरह के इयररिंग्स देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत लगते हैं। आमतौर पर इसमें प्रकृति से जुड़े डिजाइंस होते हैं। ये डिजाइन पत्ती की शेप में है। अगर आप सूट या साड़ी के साथ लाइट वेट वाली झुमकी कैरी करना चाहती हैं, तो आपको मीनाकारी झुमकी जरूर ट्राई करना चाहिए। मार्केट में आपको इस डिजाइन के इयररिंग्स 100-200 रुपए तक में आराम से मिल जाएंगे। इसके साथ आप विंग्ड आईलाइनर, मेसी बन और मिनिमल मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा करें।

**चांदबाली झुमकी डिजाइन :** हरी साड़ी या सूट के साथ आप चांदबाली झुमकी स्टाइल कर सकती हैं। वैसे तो यह हर फेस टाइप पर अच्छे लगते हैं। गोल चेहरे पर चांदबाली इयररिंग्स लाजवाब लगेंगे। ऐसे में अगर आप सिंपल झुमकी के साथ एक्सपेरिमेंट करना चाहती हैं, तो आप चांदबाली इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में इससे मिलते-जुलते इयररिंग्स 100-200 रुपए तक में मिल जाएंगे।

कार्नर न्यूज

### स्लिम लुक और बॉडी शेप को भी परफेक्ट शेप में दिखाएंगी


## सूट और साड़ी में पाना चाहती हैं मॉर्डन लुक तो ट्राई करें ये नेकलाइन, परफेक्ट आएगी फिटिंग

*आज के जमाने में हर कोई खूबसूरत और स्टाइलिश दिखना चाहता है। लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए सही स्टाइलिंग अहम रोल निभाता है। फैशन के इस बदलते दौर में बॉडी शेप के हिसाब से स्टाइलिंग करना जरूरी होता है। जिससे कि आपका लुक स्टाइलिश दिखे। सूट और साड़ी व सभी तरह के आउटफिट्स में नेकलाइन के कई डिजाइन होते हैं लेकिन नेकलाइन चुनने के दौरान अपनी गर्दन की शेप का खास ख्याल रखना चाहिए ताकि आप जो भी आउटफिट पहनें वह आप पर सूट करे। कुछ ऐसी नेकलाइन्स के बारे में आपको जानना जरूरी है जो आपको स्लिम लुक देने में मदद करेंगी और आपके बॉडी शेप को भी परफेक्ट शेप में दिखाएंगी। तो आइए जानते हैं इन लुक्स को स्टाइल करने के ईजी टिप्स...*



**स्वीटहार्ट नेकलाइन :** इस तरह की नेकलाइन हमेशा फैशन में रहती है। आप इसमें थोड़ा डीप नेकलाइन चुनें। इससे आपका ब्रेस्ट साइज शेप में नजर आएगा और आपकी बॉडी को भी परफेक्ट शेप मिलेगा। इस बात का ध्यान रखना है कि इस तरह की नेकलाइन की फिटिंग लूज न हो।

**स्क्वायर नेकलाइन :** अगर आप भी अपने लुक को सिंपल और एलिगेंट बनाना चाहती हैं, तो स्क्वायर नेकलाइन वाला ब्लाउज या सूट



बनवा सकती हैं। इस तरह के नेकलाइन के साथ आप ज्वेलरी में चोकर सेट और मैचिंग स्टड्स कैरी करें। इस तरह की नेकलाइन आप लहंगे से लेकर साड़ी तक में पहन सकती हैं। साथ ही यह आपके कंधों को भी सही शेप देगा।

**राउंड नेकलाइन :** बता दें कि राउंड नेकलाइन सबसे ज्यादा सिंपल और सबसे ज्यादा पहनी जाने वाली नेकलाइन है। अगर आपकी बाजू हैवी है, तो इस तरह की नेकलाइन में फुल स्लीव्स बनवाएं। या फिर इस तरह की नेकलाइन के साथ आप नूडल स्ट्रैप या प्लेन मीडियम चौड़ी पट्टी स्ट्रैप भी बनवा सकती हैं।

**वी-नेकलाइन डिजाइन :** आपको कई डिजाइन और लेंथ की नेकलाइन वी-शेप में देखने को मिलेगी। परफेक्ट और स्लिम लुक पाने के लिए आप डीप वी-नेकलाइन को चुन सकती हैं। इसकी चौड़ाई कम रखें, इससे आपको परफेक्ट बॉडी शेप मिलेगा।